वर्ष : 33 ▸ अंक : 125 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 21 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे
दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

भारी बारिश के चलते ठहरी मुंबई

दोपहर संवाददाता । मुंबई

भारी बारिश के कारण भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई शनिवार को थम सी गई। यहां शुक्रवार से जारी बारिश जारी है। इससे जल्द राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही। दरअसल, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने महाराष्ट्र की राजधानी के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं थप हो गई हैं।

बाढ़ आने का बढ़ा खतरा

ट्रेनों की आवाजाही हुई धीमी

महाराष्ट्र की राजधानी की सार्वजनिक परिवहन सेवाएं काफी प्रभावित हुई हैं। लगातार बारिश के कारण सड़कों और रेलवे पटरियों पर पानी भर गया है, जिससे उपनगरीय ट्रेन सेवाओं में देरी हो रही है। ट्रेनें निर्धारित समय से 15 से 20 मिनट की देरी से चल रही हैं। हार्बर लाइन पर चूनाभट्टी में पटरियों पर पानी जमा होने के कारण ट्रेनों की आवाजाही धीमी हो गई है। इसके अलावा, मध्य रेलवे की मुख्य लाइन को एक ट्रेन के इंजन में तकनीकी खराबी के कारण अतिरिक्त देरी का सामना करना पड़ा। पश्चिम रेलवे ने कहा कि उपनगरीय सेवाएं चल रही हैं। सेंट्रल, वेस्टर्न और हार्बर तीनों लाइन 10 मिनट की देरी से चल रही हैं।

इन जगहों के लिए अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार, सुबह 11 बजकर 28 मिनट पर समुद्र में 4.24 मीटर तक ऊंची लहरें देखी गई। ऐसे में बाढ़ आने का खतरा बढ़ सकता है। मुंबई और पालघर में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि ठाणे के लिए अधिक गंभीर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई के मध्य में 78 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई। वहीं, पूर्वी और पश्चिमी मुंबई में क्रमशः 57 मिमी और 67 मिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने शहर में मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

ग्रांट रोड पर इमारत का हिस्सा गिरने से एक महिला की मौत व तीन घायल

इमारत में 22 लोगों के फंसे होने की आशंका

मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में शनिवार को रुबिनिशा नामक इमारत का एक हिस्सा ढह जाने से एक महिला की मौत हो गई है। इमारत के मलबे से अब तक तीन घायलों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया है। इमारत में 22 लोगों के फंसे होने की आशंका है। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंच गए हैं और राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। मुंबई के ग्रांट रोड स्टेशन के पास चार मंजिला रुबिनिसा मंजिल नामक इमारत का तीसरी और चौथी मंजिल का हिस्सा दोपहर करीब 12 बजे अचानक ढह गया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचे और इमारत के मलबे में से चार लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इनमें से एक महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन लोगों का इलाज जारी है।

अंधेरी सबवे फिर से खुला

वहीं, अंधेरी सबवे को जलभराव के कारण बंद कर दिया गया था। हालांकि, पानी कम होने के बाद इसे दिन में बाद में खोल दिया गया। ठाणे जिले में आधी रात से भारी बारिश हो रही है। ठाणे वंदना बस डिपो और स्थानीय बाजार में पानी जमा हो गया है, जिससे दैनिक गतिविधियां बाधित हो गई हैं। भिवंडी शहर में स्थिति गंभीर है।

मोदी-शाह की 'लाडला मित्र' योजना मुंबई को अडानी सिटी बनाने की साजिश

धारावी पर आक्रामक हुए उद्धव ठाकरे

- प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने शिंदे सरकार पर हमला बोला
- अगर पार्टी महाराष्ट्र में सत्ता में आती है तो गौतम अडानी की कंपनी का धारावी टेंडर होगा रद्द: उद्धव

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह धारावी की जमीन अडानी के गले में डालकर मुंबई को अडानी सिटी बनाने की साजिश कर रहे हैं। उद्धव ने कहा कि सरकार की लाडला मित्र या लाडला कॉन्ट्रैक्टर या लाडला उद्योगपति योजना चल रही है। लेकिन उद्धव ठाकरे ने यह रुख अपनाया कि धारावी के एक भी निवासी को वहां से नहीं हटाया जाएगा। शनिवार दोपहर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे सरकार पर हमला बोला।

'मोदी-शाह मुंबई को अडानी सिटी बना देंगे'

उद्धव ने कहा कि धारावी सिर्फ एक झुग्गी बस्ती नहीं है, यह अलग है। वहां एक औद्योगिक संपदा है। हर घर में एक सूक्ष्म उद्योग है। इसमें कुम्हार, चमड़ा उद्योग है। साथ ही हम धारावी का टेंडर अडानी को देने की योजना को भी विफल करने जा रहे हैं। मोदी-शाह मुंबई को अडानी सिटी बना देंगे। कल शायद वे मुंबई का नाम बदलकर अडानी सिटी रख देंगे, लेकिन हम धारावी के लोगों को बर्बाद करने की योजना को सफल नहीं होने देंगे। संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन का उदाहरण हमारी आंखों के सामने है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि ये मुंबई को भीख देने की साजिश है।



क्या कहा उद्धव ठाकरे ने?

उद्धव ठाकरे ने कहा कि चुनाव सामने आते ही झूठी घोषणाओं की बारिश हो रही है। लाडला मित्र या लाडला ठेकेदार या लाडला उद्योगपति जैसी योजना तब भी शुरू की गई जब लाडली बहन-भाई आदि शुरू हुए हैं। पिछले साल हमने धारावी में मार्च किया था। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी मांग है कि धारावी के लोगों को 500 वर्ग फीट का उनका असली घर वहीं मिले जहां वे हैं।

लोगों के पुनर्वास के बाद हो धारावी का विकास

उद्धव ठाकरे ने कहा कि और जगह की तलाश की जा रही है। कुर्ली की मदर डेयरी, दहिसर टोल नाका, मुलुंड टोल नाका सहित बीस जगहें जिसके तहत सूचना का अधिकार प्राप्त किया गया है। ठाकरे ने यह भी कहा कि स्लम योजना से जगह-जगह दिक्कतें आ रही हैं, यहां के लोगों के पुनर्वास के बाद धारावी का विकास किया जाना चाहिए।

अडानी पर साधा निशाना

उद्धव ठाकरे ने कहा कि अडानी को पवन मापन एफएसआई प्रदान किया जा रहा है। धारावी में 590 एकड़ का प्लॉट है, जिसमें से 300 एकड़ में घर- हाउसिंग सेक्शन है। बाकी है माहिम नेचर पार्क, टाटा पावर स्टेशन। अडानी को दिए गए टेंडर में बढ़ी हुई फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) का कोई जिक्र नहीं है। अब सभी घरों को नंबर दे रहे हैं, यानी पात्रता के दायरे में फंसाकर घर खाली कराना, धारावी खाली होते ही धारावीकरों को बेदखल करना, अडानी के गले में डालना और प्लॉट का एक टुकड़ा पकड़ा देना, यह सब नागरिक संतुलन को बिगाड़ने का काम चल रहा है। इस टेंडर को रद्द करें। पारदर्शी तरीके से दोबारा टेंडर करें और इसे सही व्यक्ति को दें। ऐसी भी मांग उद्धव ठाकरे ने की।

दो दिन और पुलिस हिरासत में रहेंगी पूजा खेडकर की मां

दोपहर संवाददाता । मुंबई

प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेडकर और उनके परिवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जमीनी विवाद के चलते पिस्तौल लहराने के मामले में गिरफ्तार की गईं पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर की पुलिस हिरासत को पुणे की न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दो दिन बढ़ा दिया है। पुलिस ने उन्हें बीते गुरुवार को गिरफ्तार करते हुए 20 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेजा था।मनोरमा खेडकर के अधिवक्ता विजय जगताप ने बताया कि अदालत ने पुलिस हिरासत की अवधि दो दिन बढ़ा दी है।

लोक सेवकों में जनता का विश्वास नहीं कम होने दे सकते हैं : कोर्ट

- पूर्व तहसीलदार को बदनाम करने के आरोपी को नहीं मिली राहत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

अधिकारी को डराने, धमकाने व बदनाम करने से जुड़े एक मामले में आरोपी को राहत न देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि वह लोक सेवकों में लोगों के विश्वास को खत्म नहीं होने दे सकता है।

तहसीलदार एक सम्मानित लोक अधिकारी- कोर्ट

इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने एक पूर्व तहसीलदार से जबरन वसूली करने व उसे बदनाम करने के आरोप में एक सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ मामला रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने एक जुलाई के अपने फैसले में सोलापुर के सामाजिक कार्यकर्ता अजित कुलकर्णी की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया। आदेश की प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। मोहोल तहसील कार्यालय के पूर्व तहसीलदार प्रशांत बेदासे ने एक लोक सेवक के खिलाफ आपराधिक बल प्रयोग करने, उसे कर्तव्य का पालन करने से रोकने, जबरन वसूली और मानहानि के आरोप में कुलकर्णी के खिलाफ दिसंबर, 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

हमारा स्ट्राइक रेट सबसे ज्यादा : शरद पवार

- अक्टूबर में होंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव
- शरद पवार बोले- MVA एकजुटता से लड़ेगा
- जनता के सामने विकल्प पेश करेगा एमवीए

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार ने महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर निशाना साधा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का दावा किया है। पवार ने शनिवार को कहा कि महा विकास अघाड़ी (MVA) आने वाले विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर लड़ेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों को एक विकल्प प्रदान किया जाएगा। उन्होंने महायुति सरकार पर लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। पवार ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस वाले गठबंधन में कोई वर्चस्व की बात नहीं है। शरद पवार शिरूर के सांसद अमोल कोल्हे के आवास के बाहर मीडिया से रूबरू हो रहे थे। कोल्हे के साथ बैठक में जुन्नार से एनसीपी विधायक अतुल बेनके भी मौजूद थे।

हमारा स्ट्राइ रेट सबसे बढ़िया

एमवीए के भीतर सीट बंटवारे की चर्चाओं पर पवार ने कहा, ₹हर कोई अधिक सीटों की मांग करता है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि आप जिन सीटों से चुनाव लड़ते हैं, उन्हें जीतना है। एनसीपी (SP) ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन आठ सीटें जीतीं। हमारा स्ट्राइक रेट सबसे अधिक था। हालांकि उन्होंने कहा कि वह ऐसी रैंकिंग में विश्वास नहीं करते हैं। गठबंधन के साथी आगामी चुनाव में जनता के बीच जाएंगे। पवार ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक सीट जीती थी और एनसीपी ने चार सीटें जीती थीं। पांच साल बाद महाराष्ट्र के लोगों ने हमारे गठबंधन को 30 सीटें दी हैं। पवार ने इससे पहले कहा था कि विपक्षी दल अक्टूबर में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में 288 में से 225 सीटें जीतेंगे।

मराठा आरक्षण

जरांगे की भूख हड़ताल फिर शुरू

मरते दम तक हड़ताल जारी रखूंगा: जरांगे

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मराठा आरक्षण को लेकर एक बार फिर से मोर्चे बंदी शुरू हो गई है। मनोज जरांगे पाटिल फिर से भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। उन्होंने सभी कुनबी (कृषक) और उनके ऋषि सोयरे (रक्त संबंधियों) को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए ओबीसी प्रमाण पत्र की मांग की है।

'वादा पूरा करने में असफल रही सरकार'

जिले में अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराटी में अनशन शुरू करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता जरांगे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार आरक्षण के मुद्दे पर अपना वादा पूरा करने में असफल रही। इसलिए फिर से हड़ताल करनी पड़ रही है।

एक महीने का दिया था समय

इससे पहले, उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर 13 जून को अपना अनिश्चितकालीन अनशन टाल दिया था और सरकार द्वारा समुदाय की मांगों को स्वीकार करने के लिए एक महीने की समय सीमा तय की थी। जरांगे ने कहा, 'मुझे यह अनशन शुरू करना पड़ा क्योंकि सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। मैं मरते दम तक हड़ताल जारी रखूंगा।' उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को एक महत्वपूर्ण बैठक होगी, जहां मराठा समुदाय यह तय करेगा कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ना है या नहीं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि अनिश्चितकालीन अनशन के दौरान वह सात से 13 अगस्त तक राज्यव्यापी दौरा करेंगे।

महाविकास आघाड़ी बताए मराठा समाज को कैसे देगी आरक्षण - बावनकुले

दोपहर संवाददाता । मुंबई

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने मराठा आरक्षण को लेकर विपक्ष के गठबंधन महाविकास आघाड़ी को चुनौती दी है। शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में बावनकुले ने कहा कि महाविकास आघाड़ी मराठा समाज को ओबीसी कोटे से आरक्षण देगी अथवा नहीं? इस बारे में महाविकास आघाड़ी को विधानसभा चुनाव के घोषणपत्र में लिखित आश्वासन देना चाहिए।

पुणे में भाजपा का अधिवेशन आज प्रदेश भाजपा का पुणे में रविवार को एक दिवसीय अधिवेशन होगा। इस अधिवेशन में पार्टी के 5 हजार 300 पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

केएफसी की ब्रांच पर एफडीए की कारवाई

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर साईं बाबा मंदिर के पास स्थित केएफसी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर किए गए एक ग्राहक को खराब आइटम डिलीवर करने का मामला प्रकाश में आने के बाद एफडीए नोटिस दिए जाने का मामला सामने आया है। उल्हासनगर-4 के रहने वाले चेतन नामक युवक ने 18 जुलाई की रात को केएफसी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर खाने के लिए चार आइटम ऑर्डर किए, जो करीबन 9:30 बजे उनके पते पर डिलीवर किए गए। जब चेतन ने खाना खाने के लिए खोला, तो पाया कि चिकन का एक आइटम काफी खराब था और खाने लायक नहीं था। इसके बाद चेतन ने केएफसी के कस्टमर केयर नंबर पर शिकायत की। कस्टमर केयर ने उन्हें बताया कि जहां से खाना भेजा गया है, वहां से उन्हें फोन आएगा और समस्या दूर की जाएगी। लेकिन चेतन को 10:45 बजे तक कस्टमर केयर से कोई फोन नहीं आया। इसके बाद वे खाना लेकर फारवर लाइन, साई बाबा मंदिर के पास गैलेक्सी कंपाउंड स्थित केएफसी के ब्रांच पहुंचे और अपनी शिकायत बताई। उन्होंने मामले को एक-दूसरे पर धकेलना शुरू किया, फिर असिस्टेंट मैनेजर ने कहा कि हम इसके बदले में दूसरा खाना देंगे और आप यह खाना फेंक दीजिए।

शिक्षा का कानून

कोर्ट के आदेश के बाद जारी हुई विद्यार्थियों के प्रवेश की सूची

- आरटीई लॉटरी में 93 हजार 9 विद्यार्थियों को मिली जगह
- 22 जुलाई से शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया
- 71 हजार से ज्यादा विद्यार्थी प्रतीक्षा सूची में

आरटीई में शामिल कुल स्कूल और उपलब्ध सीटें

प्रक्रिया में शामिल कुल स्कूल	9217
दाखिले के लिए उपलब्ध सीटें	1,05,223
दाखिले के लिए कुल आवेदन	242516
लॉटरी विजेता	93009
प्रतीक्षा सूची	71276

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिक्षा का कानून (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों की 25 फीसदी सीटों पर दाखिले का इंतजार शनिवार को खत्म हो गया और इस साल 93 हजार 9 लॉटरी विजेताओं की सूची जारी कर दी गई। 71 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को प्रतीक्षा सूची में भी रखा गया है। 22 जुलाई से रजिस्ट्रेशन आवेदन के दौरान दिए गए नंबरों पर एसएमएस भेजे जाएंगे। इसके बाद 23 से 31 जुलाई के बीच अभिभावकों को आधिकारिक वेबसाइट से प्रवेश पत्र का प्रिंट और दूसरे दस्तावेजों की तहसील स्तर पर बनाई गई समिति से जांच करानी होगी। इसके बाद संबंधित स्कूल में जाकर विद्यार्थी का दाखिला कराना होगा।आरटीई की लॉटरी शिक्षा आयुक्त ने 7 जुलाई को ही निकाली थी, लेकिन मामला अदालत में होने के चलते आखिरी फैसले तक सूची जारी नहीं की गई थी।

क्यों अटका था मामला?

आरटीई के नियमों में राज्य सरकार ने बदलाव कर दिया था, जिसके बाद जिन विद्यार्थियों के घर से 1 किलोमीटर के दायरे में सरकारी या अनुदानित स्कूल थे उनके लिए आरटीई के तहत उन्हीं स्कूलों में दाखिला दिया जाना था। लेकिन बाद में इस आदेश को अदालत में चुनौती दी गई और अदालत ने सरकार के आदेश को खारिज कर पुरानी प्रक्रिया के तहत निजी स्कूलों में आरटीई के दाखिले का आदेश जारी किया।

मुंबई के 4,735 विद्यार्थियों की लॉटरी

मुंबई शहर और उपनगर के 338 निजी स्कूलों में 4 हजार 735 विद्यार्थियों का नाम आरटीई लॉटरी विजेताओं की सूची में है। शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक व प्राथमिक निजी स्कूल) राजू तडवी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि अगर किसी आवेदक को एसएमएस न आया हो तो वे वेबसाइट से आवेदन की स्थिति की जांच कर दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

पुणे में सबसे ज्यादा विजेता

पुणे के 970 स्कूलों में आरटीई के दाखिले के लिए 16 हजार 337 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सबसे ज्यादा 48 हजार 155 आवेदन भी इसी जिले में आए थे। ठाणे जिले के भी 643 स्कूलों में दाखिले के लिए 9,597 विद्यार्थियों का चयन लॉटरी के जरिए हुआ है।

22 जुलाई से शुरू होगी ओबीसी जन आक्रोश यात्रा

लक्ष्मण हाके, नवनाथ वाघमारे करेंगे नेतृत्व

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में 22 जुलाई से OBC जन आक्रोश यात्रा की शुरुआत हो रही है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल द्वारा 20 जुलाई से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करने के बाद अब महाराष्ट्र में OBC जन आक्रोश यात्रा शुरू हो रही है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में मराठों और OBC के बीच पहले से ही भारी तनाव है। इस यात्रा में ओबीसी आंदोलनकारी लक्ष्मण हाके और नवनाथ वाघमारे के साथ अन्य ओबीसी नेता भी शामिल रहेंगे। 22 जुलाई को इस यात्रा की शुरुआत जालना के दोदडगाव में मंडल स्तंभ को अभिवादन करके की जाएगी। नवनाथ वाघमारे ने कहा कि राज्य के ओबीसी समाज के मन में आक्रोश है, ओबीसी समाज का यह आक्रोश हमें सरकार तक पहुंचाना है, इसके लिए हम यह आक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं। ओबीसी आरक्षण बचाव जन आक्रोश यात्रा में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं से शामिल होने का आह्वान ओबीसी आंदोलन के नवनाथ वाघमारे ने किया। 22 जुलाई को इस आक्रोश यात्रा की शुरुआत होगी और यह यात्रा जालना के रामगव्हाण, वडीगोद्री, बीड, अहमदनगर, परभणी, हिंगोली, वाशिम, बुलढाणा जिलों से होती हुई छत्रपति संभाजीनगर जिले के पैठण तालुका में समाप्त होगी।

शहर में एक बार फिर हुआ भारी जलभराव

- मनपा प्रशासन के बड़े-बड़े दावों की खुली पोल
- ट्रैफिक जाम से वाहन चालकों का हुआ बुरा हाल

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर में शुक्रवार रात से शुरू हुई भारी बारिश के कारण एक बार फिर भिवंडी शहर के कई हिस्सों में बारिश का पानी भर गया। शहर के कई निचले भागों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। भिवंडी मनपा प्रशासन द्वारा बरसात से पहले किए गए बरसात की तैयारी को लेकर बड़े-बड़े दावों की पोल खुल गई। नाला सफाई ठीक से न होने से शहर में बाढ़ जैसी स्थिति आने को लेकर शहर के कई पार्टियों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मीडिया के आशंकाओं की भविष्यवाणी सच साबित हो रही है। नाला साफ सफाई पर करोड़ों रुपया ठेकेदार, मनपा के संबंधित विभाग के अधिकारी और मनपा के आला अधिकारी डकार गए, उन पर सैकड़ों शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

शुक्रवार से हो रही है बारिश

गौरतलब हो कि शुक्रवार की रात से रुक रुक कर हो रही तेज बरसात से भिवंडी की प्रमुख सब्जी मंडी, तीनबत्ती, गुलजार कोल्ड्रिंक्स गली, बाजार क्षेत्र में घुटने भर पानी भरा था। इस इलाके में जलजमाव के कारण सुबह सब्जी मंडी में जलजमाव होने से खुदरा सब्जी खरीदने आये ग्राहकों को काफी परेशानी हुई। सुबह बारिश कम हुई और फिर दोपहर में पानी घटने लगा। भिवंडी ठाणे रोड के कोने पर भी सड़क पर भारी मात्रा में पानी जमा था। शहर की बेहद खराब सड़कों के चलते वाहन चालकों को भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह शहर के निचले सभी भागों में ईदगाह रोड, म्हाडा कॉलोनी, बारक्या कंपाउंड, खंडू पा, बाला कंपाउंड, शांति नगर, देवजी नगर, रावजी नगर, गैबी नगर, भंडारी कंपाउंड, बालाजी नगर, अंजुर फाटा, कामतघर, घूंघट नगर, तीन बत्ती क्षेत्र, कासार अली, नजराना कंपाउंड आदि निचले क्षेत्र में भारी जल जमाव से नागरिकों का बुरा हाल रहा और जनजीवन अस्त व्यस्त दिखाई पड़ा। कई दुकानों और कारखाने में पानी घुसने के भी समाचार मिले हैं।

भाजपा के शिविर में महिलाओं ने भरा 'मुख्यमंत्री मेरी लाडकी बहन योजना' का फार्म

दोपहर संवाददाता । पालघर

पालघर के पालकमंत्री रविन्द्र चव्हाण, पालघर लोकसभा समन्वयक श्रीमती रानी द्विवेदी तथा भाजपा वसई विरार शहर अध्यक्ष महेंद्र पाटिल के मार्गदर्शन में नालासोपारा पूर्व के संतोष भुवन, भक्ति धाम स्थित भाजपा जनसंपर्क कार्यालय में मुख्यमंत्री मेरी लाडकी बहन योजना का फार्म भरने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा वसई विरार उपाध्यक्ष गंगेश्वरलाल अ. श्रीवास्तव (संजू) के नेतृत्व में क्षेत्र की कई माताओं और बहनों ने अपना आवेदन किया। जपा नेता गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव ने बताया कि इसी तरह रोजाना क्षेत्र में विभन्न जगहों पर शिविर लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'मुख्यमंत्री मेरी लाडकी बहन योजना 2024' की घोषणा की है।

घरेलू चोरी और दोपहिया वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई

2 चोर गिरफ्तार, सात लाख का माल जब्त

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी पुलिस उपायुक्त सर्कल क्षेत्र में जहां दोपहिया वाहन चोरी सहित घर में चोरी के मामले बढ़े हैं, वहीं भिवंडी अपराध शाखा ने कोनगांव पुलिस स्टेशन की सीमा क्षेत्र में घर में चोरी के अपराध की समानांतर जांच करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर 6 लाख 94 हजार का माल जब्त किया है।इसी के साथ भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने चार दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों सहित चार घरेलू चोरियों के मामलों का पर्दाफाश किया है।

चार दोपहिया वाहन चोरी के अपराधों का पर्दाफाश

क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागड़े ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उक्त मामले में कुल 6 लाख 94 हजार 800 रुपये का सामान जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक योगेश अव्हाड के नेतृत्व में भिवंडी अपराध शाखा में सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार, पुलिस उपनिरीक्षक निसार तडवी, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक राजेश शिंदे, पुलिस कांस्टेबल मंगेश शिर्के, सचिन साल्वी, रंगनाथ पाटिल, राजेंद्र राठौड़, अमोल देसाई, सचिन जाधव, कोनगांव में चोरी के मामले की जांच करते हुए अमोल इंगले भावेश घरत, अपराध स्थल से लेकर कोनगांव, राजनोली , मानकोली, अंजुर गांव, डोंबिवली मार्ग पर 35 से 40 स्थानों के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की उसके माध्यम से संदिग्ध आरोपी की गुप्त जानकारी प्राप्त की गई। इस प्रकार मोबाइल का तकनीकी विश्लेषण प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुभम प्रदीप खरतमोल, 22 निवासी सरोवर नगर, डोंबिवली और किस्मत अली अमजद अली अंसारी 33 निवासी जागृति नगर, कुर्ला पूर्व मुंबई में दो युवकों को गिरफ्तार कर उनकी कड़ाई से जांच की गई ।इसमें कोनगांव और बदलापुर अंबरनाथ में चार घरों में चोरी के अपराध और मुंबई, नवी मुंबई में चार दोपहिया वाहन चोरी के अपराधों का पर्दाफाश किया गया और आरोपियों के पास से पुलिस ने 6 लाख 94 हजार 800 रुपये का माल जब्त किया गया है।

उल्हासनगर मनपा के सहायक आयुक्त के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगरपालिका के प्रभाग समिति क्रमांक-3 के सहायक आयुक्त दत्तात्रय जाधव पर मुख्यमंत्री की मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना में निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना में लापरवाही का आरोप

राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहीन' योजना शुरू की है. इस योजना में महिलाओं के खाते में हर महीने 1500 रुपये जमा किये जायेंगे. इसलिए महिलाओं के लिए इस योजना को हर महिला तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री से लेकर मनपा प्रशासन तक जोरशोर से लगा हुआ है. इसके लिए सहायक आयुक्तों को विज्ञापन देने, ऑनलाइन सेंटर खोलने, वार्ड समिति स्तर पर ऑफलाइन आवेदन स्वीकार करने का काम सौंपा गया है. चूंकि यह योजना मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए मुख्यमंत्री कार्यालय प्रतिदिन बैठक कर इस योजना का लेखा-जोखा ले रहा है. गुरुवार को आयुक्त कार्यालय में मुख्यमंत्री की कांफ्रेंसिंग बैठक हुई. इस बैठक में उल्हासनगर मनपा वार्ड समिति के सहायक आयुक्त को शामिल होने का आदेश दिया गया था. वार्ड समिति 3 के सहायक आयुक्त दत्तात्रय जाधव को छोड़कर अन्य सहायक आयुक्त उपस्थित थे. साथ ही दो दिन पहले वार्ड समिति दो के कार्यालय में सामान्य प्रशासन विभाग के अध्यक्ष मनीष हिवरे की अध्यक्षता में बैठक हुई थी. इस बैठक में सहायक आयुक्त दत्तात्रेय जाधव मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं करा सके। इसलिए मनपा आयुक्त अजीज शेख के आदेश से दत्तात्रेय जाधव को सामान्य प्रशासन विभाग से तत्काल निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है।

धोखादायक गड्ढों से खतरे में नागरिकों की जान

दोपहर संवाददाता । कल्याण

उल्हासनगर शहर की सड़को की दुर्दशा से आम राहगीरों की जान जोखिम में पड़ गयी है। आये दिन राहगीर खड्डों के शिकार हो रहे हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। कभी खड्डों को लेकर आंदोलन करने वाले राजनीतिक दल अब जनता की समस्याओं को लेकर मुकदर्शक बने हुए हैं। वहीं मनपा प्रशासन दुर्घटना होने का इंतजार कर रही है।

शहर के सड़कों की हालत खस्ता

भारी बारिश के चलते इन दिनों शहर के सड़कों की खस्ताहाल हो गई है। उल्हासनगर-2 के गोल मैदान से नेहरू चौक रोड सनम चाय के सामने सड़क पर भारी बरसात के कारण सड़क पर बड़े-बड़े खड्डे बन गए हैं। इसी प्रकार से कैम्प-3 छत्रपति शाहू महाराज उड्डयन पुल,फरवर लाइन चौक, अशोक सिनेमा के सामने, 24 सेक्शन, दशहरा मैदान स्टेशन रोड पर बने खड्डों के कारण आयेदिन दुर्घटना की आशंका बनी हुई है. बारिश का पानी जमा होने के कारण यह खड्डे दिखाई नहीं देते हैं, जिस कारण नाले में वाहन या पैदल चलने वालों के गिरने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। भारी और छोटे वाहनों और पैदल चलने वालों की भीड़ रहती है ।इन खड्डों से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है .मनपा इन खतरनाक गड्ढों के मामले में बहुत उदासीन है। वहीं कभी शहर के खड्डों के विषय को बड़े बड़े आंदोलन की बात करने वाली शिवसेना,मनसे,राकांपा जैसे बड़े दल अपनी आँखों मे युति के चलते बंद किये हुए हैं। इस संबंध दिनेष मीरचंदानी ने कहा कि वह जल्द ही मनपा आयुक्त अजीज शेख से संपर्क कर जल्द खड्डों को भरने की मांग करेगें।

महिला का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले पर मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । पालघर

विट्ठलवाड़ी पुलिस की हद में एक विवाहिता महिला का अश्लील वीडियो बनाकर इसके पति व सोशल मीडिया पर वायरल करने की घटना सामने आयी है। इस प्रकरण में शहर पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर लिया है।



केस डायरी

विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के हद में कैंप 4 की रहने वाली एक महिला ने कैंप-3 में राहुल नगर न्यू टेलीफोन एक्सचेंज के पास रहने वाले लालमोहन अयूब शेख पर यह आरोप लगाया है कि 2021 से 2023 के बीच उसकी लालमोहन अयूब शेख से दोस्ती थी। शेख ने अपनी बातों फंसाकर और उसने उसके बच्चे की परवरिश का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। उसी दौरान उसने उसके अश्लील फोटो व वीडियो भी बनाए थे। साथ ही वीडियो कॉल पर उसे नग्न होने को कहक़र भी उसके नग्न फोटो निकाले थे। उसी के आधार पर वह जबरन सबंध बनाया करता था। जब इन सब से इंकार कर दिया तो सभी फोटो को आरोपी ने महिला के पति के व्हाट्सएप पर भेजा और फेसबुक पर भी वायरल किया जिसके कारण महिला द्वारा विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोपी मूलरूप से मुसीदाबाद, कोलकाता पश्चिम बंगाल का निवासी है।

देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़

आरोपियों के चंगुल से आठ महिलाएं आज़ाद

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ किया और आठ महिलाओं को बचा लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक एक ऑटोरिक्शा चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे पहले ऑटो चालक द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर एक महिला को होटल के कमरे से बचाया था। नवी मुंबई पुलिस के मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ के निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपडे ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक गिरोह ऑनलाइन ग्राहकों को आकर्षित करने के बाद महिलाओं को वेश्यावृत्ति के लिए विभिन्न 'लॉज' में भेज रहा है, जिसके बाद ऑटो चालक को गिरफ्तार किया गया।



फर्जी ग्राहक की मदद से हुई गिरफ्तारी

अधिकारी ने बताया कि एक फर्जी ग्राहक की मदद से उन्होंने हाल में ऑटो चालक प्रदीप यादव को पकड़ा है, जो महिलाओं को होटल तक ले जाया करता था। पुलिस ने यादव से पूछताछ के बाद सबसे पहले एक महिला को बचाया, फिर उसकी सूचना के आधार पर उन्होंने नेरुल इलाके के शिरावने में एक कमरे से आठ महिलाओं को बचाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने वहां से दो लोगों को भी गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान विष्णु उर्फ विकास कुमार जानकी यादव (28) और इंद्रजीत इंद्रदेव प्रसाद (63) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि गिरोह का संदिग्ध सरगना शंभू उपाध्याय फरार है। उन्होंने बताया कि तुर्भे पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

दाऊद इब्राहिम के गिरोह पर नहीं लागू होगा UAPA

- बॉम्बे HC का बड़ा फैसला
- दो आरोपी बरी

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बंबई हाईकोर्ट ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम को लेकर एक अहम जजमेंट दिया। कोर्ट ने कहा कि गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (UAPA) के तहत दाऊद को व्यक्तिगत रूप से आतंकवादी घोषित किया गया है। ऐसे में उससे या उसके गिरोह के साथ किसी तरह का जुड़ाव होने पर वह व्यक्ति इस कठोर कानून के प्रावधान के दायरे में नहीं आएगा। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की बेंच ने 11 जुलाई के आदेश में महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (ATS) द्वारा अगस्त 2022 में हिरासत में लिए गए दो व्यक्तियों को जमानत दे दी। आदेश का विवरण शुक्रवार को उपलब्ध हुआ।



एटीएस ने किया था ये दावा

जस्टिस भारती डांगरे और मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 11 जुलाई को आदेश में दिया था। जिसकी जानकारी 19 जुलाई को सामने आई। कोर्ट ने अगस्त 2022 में महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते के जरिए हिरासत में लिए गए दो शख्स को जमानत दे दी। जिसे एटीएस ने दावा किया था कि फैज भिवंडीवाला, जिसके पास से उसने 600 ग्राम गांजा जब्त किया था, और परवेज वैद दाऊद इब्राहिम के गिरोह के सदस्य थे।

दोनों पर लगे थे गंभीर इल्जाम

दोनों पर एक आतंकवादी संगठन के सदस्य होने, आतंकवादी कृत्य करने और अपराध करने के लिए धन इकट्ठा करने के साथ-साथ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

कोर्ट ने क्या कहा?

पीठ ने कहा कि यूएपीए कानून के तहत एक तरफ आतंकवादी कृत्य होगा, तो दूसरी तरफ आतंकवादी गिरोहों और आतंकवादी संगठनों द्वारा की जाने वाली गतिविधियां हैं। हमारे विचार से इस मामले में यूएपीए की धारा 20 (आतंकवादी संगठन का सदस्य होना) का अपराध नहीं लगेगा, क्योंकि दाऊद इब्राहिम कासकर को व्यक्तिगत क्षमता में आतंकवादी घोषित किया गया है।

कोर्ट ने आरोपियों को किया रिहा

पीठ ने यह भी कहा कि एटीएस अधिकारी के निर्देश पर अतिरिक्त सरकारी वकील एस वी गवंद ने बयान दिया कि आरोपपत्र में यूएपीए की धारा 17और 18 के तहत आरोपों को स्थापित करने वाली कोई सामग्री नहीं थी, जो आतंकी घटना और अपराध करने के लिए धन इकट्ठा करने से संबंधित है।

रावसाहेब दानवे ने मविआ कार्यकर्ताओं से सावधान रहने की अपील की

दोपहर संवाददाता । मुंबई

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व रेल राज्यमंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने शनिवार को प्रदेश के नागरिकों से महाविकास आघाड़ी (मविआ) के कार्यकर्ताओं से सावधान रहने की अपील की है। रावसाहेब दानवे ने कहा कि लाडली बहन योजना का फार्म किसी भी कीमत पर मविआ कार्यकर्ताओं को न सौंपें, उनकी नीयत सही नहीं है, वे इस योजना कोजनता तक नहीं पहुंचने देंगे। रावसाहेब दानवे ने शनिवार को मुंबई में पत्रकारों को बताया कि मविआ कार्यकर्ताओं के पास अगर लाडली बहन योजना का फार्म पहुंचा तो वे उसे बर्बाद कर सकते हैं।

समन्वय से सैकड़ों लोगों को घरेलू राहतः विधायक केलकर

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे के नौपाड़ा में कई सहकारी आवास समितियों का पुनर्विकास डेवलपर्स के बीच आंतरिक कलह के कारण लंबे समय से रुका हुआ था, जिससे सैकड़ों निवासी पीड़ित थे। आखिरकार, ठाणे शहर के विधायक संजय केलकर ने समन्वय के माध्यम से रुके हुए सोसाइटी के पुनर्विकास को का मार्ग प्रशस्त होगा। इसी के तहत आज शनिवार को विधायक केलकर के हाथों कुछ सोसायटियों को बकाया मकान किराया के चेक वितरित किये गये। इसके चलते ठाणे की उन सोसायटियों के लिए यह एक तरह का रोडमैप बन जाएगा, जहां पुनर्विकास रुका हुआ है।

शेयरधारकों के बीच आंतरिक विवाद के कारण रुका था सोसायटियों का पुनर्विकास

बताया जाता है कि ठाणे में एम. जोशी एंटरप्राइजेज के शेयरधारकों के बीच आंतरिक विवाद के कारण नौपाड़ा क्षेत्र में नवसोनाली, सहजीवन, नोबल, दर्शनी, सुजाता, रचना, अनामिका, नूतन आदि सहकारी समितियां तथा अनेक सोसायटियों का पुनर्विकास रुका हुआ था। पुनर्विकास में देरी के कारण देश के निवासियों में भय और चिंता का माहौल था। इसको लेकर रहवासियों ने विधायक संजय केलकर से संपर्क किया था। इसके उपरांत एम. जोशी बिल्डर्स के पार्टनर डीके सिंह नामले, जैसा कि संजय केलकर ने शासन-प्रशासन स्तर पर फॉलोअप किया। इसके अलावा विधायक संजय केलकर की उपस्थिति में इन सोसायटियों को बकाया लगान का पहला चेक वितरित किया गया। इस दौरान केलकर ने कहा कि डेवलपर के लिए भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, लेकिन डेवलपर और संबंधित एजेंसियों के लिए निवासी को केंद्र बिंदु बनाकर काम करना जरूरी है। जिन लोगों से मनमुटाव था उन्हें साथ लेकर चलने और समन्वय बनाकर लड़ने से ही यह सफलता मिली है। विधायक केलकर ने बताया कि सलाहकार के तौर पर. सुभाष काले और विद्याधर वैशम्पायन ने भी मदद की है। चेक वितरण के मौके पर सैकड़ों की संख्या में रहवासी मौजूद थे, वहीं मंच पर पूर्व पार्षद सुनेश जोशी, आर्किटेक्ट संदीप प्रभु समेत अन्य मौजूद थे।

शहर में कई बड़ी परियोजनाएं रुकी हुई

विधायक केलकर ने बताया कि ठाणे शहर में कई बड़ी परियोजनाएं रुकी हुई हैं और करीब 4 से 5 हजार निवासी परेशान हैं. इसलिए इन निवासियों के अधिकार बरकरार रहने चाहिए. यदि आवास परियोजनाएं एक निश्चित अवधि के भीतर पूरा हुए बिना रुकी हुई हैं, तो ऐसी परियोजनाओं को समाप्त करने और उन्हें अन्य डेवलपर्स को स्थानांतरित करने का प्रावधान होना चाहिए।

मेफेड्रोन जब्ती मामले में नाइजीरियन महिला गिरफ्तार

- कुल तीन लोग हिरासत में

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई से दो करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मेफेड्रोन की जब्ती के सिलसिले में पुलिस ने 40 वर्षीय नाइजीरियाई महिला की गिरफ्तारी के साथ ही अब तक तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। शनिवार को एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। नवी मुंबई पुलिस अपराध शाखा के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) के वरिष्ठ निरीक्षक नीरज चौधरी ने बताया कि 16 जुलाई को पुलिस ने नवी मुंबई के वाशी से दो लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 1.04 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया। उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

मादक पदार्थ की कुल कीमत 2.87 करोड़

उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पालघर जिले के नायगांव में रहने वाली एक नाइजीरियाई महिला से यह मादक पदार्थ खरीदा था। इसके बाद एएनसी की टीम ने वहां जाल बिछाया और महिला को पकड़ लिया तथा उसके पास से 432 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया जिसकी कीमत 86.40 लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि तीनों के पास से जब्त किए गए मादक पदार्थ की कुल कीमत 2.87 करोड़ रुपये है।

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



अनमोल विचार आंदोलन को कभी भी कार्रवाई के साथ भ्रमित न करें : अर्नेस्ट हेमिंग्वे

शरद पवार के साथ बैठक में शामिल हुए अजित

सुप्रिया सुले की तारीफ में पढ़े कसीदे

दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने उपमुख्यमंत्री और एनसीपी नेता अजित पवार की अध्यक्षता में पुणे में हुई जिला योजना और विकास परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में सांसद सुप्रिया सुले, विधायक और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के बाद अजित पवार ने सांसद के रूप में सुप्रिया सुले की खुलकर तारीफ की तो अजित गुट के नेता अतुल बेंके ने शरद पवार से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने अजित और शरद पवार के एक साथ आने को लेकर बयान दिया। इससे राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

पुणे जिला सहकारी बैंक शाखा का उद्घाटन

बता दें शनिवार को पुणे जिला सहकारी बैंक शाखा का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने किया। डीपीडीसी बैंक की बैठक के बाद अजित पवार ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस मौके पर अजित पवार ने कई मुद्दों पर टिप्पणी की है। इस बार अजित पवार ने सुप्रिया सुले की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि सुप्रिया सुले ने अच्छा सुझाव दिया है। अजित पवार ने शरद पवार से नाता तोड़कर बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) के साथ सरकार बनाई है, लेकिन लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद अजित पवार की फिर से घर वापसी की अटकलें लगाई जा रही हैं। इन अटकलों के बीच शरद पवार के साथ बैठक में शामिल होने और फिर सुप्रिया सुले की तारीफ से अटकलों को बल मिला है।

अतुल बेंके ने शरद पवार से मुलाकात की

अजित गुट के नेता अतुल बेंके ने शरद पवार से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने अजित और शरद पवार के एक साथ आने को लेकर बयान दिया। इससे राजनीतिक माहौल गरमा गया है। मुलाकात के बाद बेंके ने सीधे तौर पर कहा कि अजित पवार और शरद पवार एक साथ आ सकते हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बड़ा बयान देकर राज्य में राजनीतिक चर्चाओं को गर्म कर दिया। विधानसभा चुनाव अभी ढाई महीने दूर हैं। उन्होंने कहा कि मुलाकात दौरान उन्होंने मुझसे कुछ नहीं कहा। मैंने भी कुछ नहीं कहा। तो कहां जाएं का सवाल ही नहीं उठता। राजनीति में कई बदलाव हुए हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऐसा अब भी हो सकता है। अजित और शरद पवार एक साथ आएंगे, ये कहना नामुमकिन है। लेकिन अभी यह कहना संभव नहीं है कि मैं कहां से चुनाव लड़ूंगा?

'अगर हम साथ आएंगे तो खुशी होगी'

मावल विधायक सुनील शेलके ने भी अतुल बेंके के बयान का समर्थन किया है। शरद पवार ने जुन्नार का दौरा किया। अतुल बेंके ने उस तालुक के प्रतिनिधि के तौर पर शरद पवार से मुलाकात की और उनका स्वागत किया।

उन्होंने राजनीति पर चर्चा नहीं की। लेकिन कहा कि अगर एनसीपी कल एकजुट हो जाए तो हमारे जैसे कार्यकर्ता खुश होंगे। उन्होंने कहा कि अजित दादा ने पार्टी के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। लेकिन कुछ लोग यह दिखाने का काम कर रहे हैं कि हम ही वारिस हैं। दादा साहब एक साथ आएं तो हमें खुशी होगी, उन्होंने कहा कि ये मंडलियां नहीं चाहतीं कि दादा और साहेब एक साथ आएं।

राजनीति में जो होगा वो होगा। लेकिन मैं दादा को कभी नहीं छोड़ूंगा। शेलके यह भी कहा कि वह दादा का भरपूर समर्थन करेंगे।

मुलाकात पर शरद-अजित ने कही ये बात

बेंके के बयान पर शरद पवार ने भी प्रतिक्रिया दी है। बेंके इस समय किस पार्टी में हैं? मुझें नहीं पता, उनके और मेरे बीच कोई चर्चा नहीं हुई। लोग मिलने आते हैं। उनके पिता मेरे दोस्त थे। वो हमारे दोस्त का बेटा है, तो हम मिले। शरद पवार ने कहा कि सीधी बात यह है कि कल के लोकसभा चुनाव में जिन लोगों ने एनसीपी उम्मीदवारों के लिए काम किया, वे हमारे हैं। बेंके और शरद पवार की मुलाकात पर अजित पवार ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कई विधायक भी मुझसे मिलने आते हैं। यदि आप बेंके से मिले हैं, तो उससे पूछें कि वो उनसे क्यों मिले। जब चुनाव नजदीक आते हैं तो कुछ लोग खड़े होना चाहते हैं। कुछ लोग सोच रहे हैं कि किसी पार्टी को फ्री जगह मिल जाएगी, हमें फ्री जगह नहीं मिलेगी, इसलिए हमें कहीं और चले जाना चाहिए। ये लोग इधर-उधर जाएंगे।

'NSE के CEO के डीपफेक वीडियो के खिलाफ कार्रवाई करें'

कोर्ट का सोशल मीडिया कंपनियों को आदेश

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया मंचों को उन कथित डीपफेक वीडियो पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिनमें नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसआई) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की ओर से शेयर खरीदने का सुझाव दिए गए थे। न्यायमूर्ति आर. आई. चांगला की एकल पीठ ने अपने 16 जुलाई देश में फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों को एनएसई के ट्रेडमार्क का उल्लंघन करने वाले सभी खातों को हटाने या डिलीट करने का भी निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि सुविधा का संतुलन भी वादी (एनएसई) के पक्ष में है और जब तक कि मांगी गई अंतरिम राहत नहीं दी जाती, तब तक वादी को अपूरणीय क्षति या नुकसान होगा। पीठ ने सोशल मीडिया मंचों को निर्देश दिया कि वे ऐसे वीडियो और प्रोफाइल के खिलाफ शिकायत मिलने पर दस घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को हटा दें, जहां वादी के ट्रेडमार्क का उल्लंघन होता है। अदालत ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत सोशल मीडिया कंपनियों को संदिग्ध वेब पेजों/प्रोफाइल खातों/विज्ञापन/वीडियो/सामग्री/सोशल मीडिया समूहों पर उनके ट्रेडमार्क के अनाधिकृत उपयोग के बारे में शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करना अनिवार्य किया गया है।

महायुति लाई 'नई बोतल में पुरानी शराब'

नवाब मलिक ने लाडला भाई योजना पर कसा तंज

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद महायुति सरकार ने महिलाओं और युवाओं को अपने पाले में लाने के लिए 'मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन' योजना के बाद मुख्यमंत्री लाडला भाई योजना लाई है। जहां राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे युवा कार्य प्रशिक्षण योजना (लाडला भाई) को अपनी सरकार की उपलब्धि बताकर वाहवाही लूट रहे है, वहीं राकांपा (अजित पवार) के विधायक नवाब मलिक इस योजना को तत्कालीन महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में बनी "महाराष्ट्र प्रशिक्षु अभ्यार्थी प्रोत्साहन योजना'(मैप्स)" योजना बता रहें है। जिसको थोड़ा संसोधित कर वर्तमान सरकार ने सिर्फ नाम बदला है। जिससे महायुति सरकार पर "नई बोतल में पुरानी शराब" वाला मुहावरा सटीक बैठ रहा है।

क्या थी 'मैप्स' योजना ?

महाविकास आघाड़ी सरकार ने अपने कार्यकाल वर्ष 2021 में 'महाराष्ट्र प्रशिक्षु अभ्यार्थी प्रोत्साहन योजना' (मैप्स) को लाया था। इसे 8 मार्च को कैबिनेट में मंजूरी दी गई थी और 3 जून 2021 को इस योजना का शासन यह योजना आघाड़ी सरकार के तत्कालीन कौशल विकास मंत्री नवाब मालिक ने लाया था। इस योजना के लिए वर्ष 2021 के वित्तीय बजट में करीब 2 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान भी किया गया था। इस योजना के तहत हर वर्ष एक लाख युवाओं को सरकारी, अर्धसरकारी और निजी कंपनियों के जरिए प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत सरकार की ओर से इन्हें हर महीने 5 हजार रुपए विद्यावेतन देने का तय किया गया था।

वर्तमान की योजना में है यह संशोधन

युवा कार्य प्रशिक्षण योजना (लाडला भाई) योजना के तहत सरकारी, अर्धसरकारी और निजी कंपनियों में इंटर्न के रूप में युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ ही इन्हें हर माह विद्यावेतन देने की बात कही गई है। इसमें 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 6 हजार, आईटीआई विद्यार्थियों को 8 हजार और पोस्ट ग्रेजुएट के विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए देने को कहा गया है। नए नाम से लाई गई इस योजना में सरकार ने सिर्फ विद्यावेतन की निधि बढ़ाई है।

एसईएसएस इमारतों में 14 हजार से अधिक परिवार जीवित रहने के लिए कर रहे हैं संघर्ष

दीपक पवार । मुंबई

म्हाडा के मुंबई बिल्डिंग रिपेयर एंड रिकंस्ट्रक्शन बोर्ड ने बार-बार नोटिस जारी किया है कि ग्रांट रोड पर क्षतिग्रस्त रुबिन्निसा (सैदुन्निसा) इमारत खतरनाक है। साथ ही पुनर्विकास के लिए भवन स्वामियों, निवासियों को नोटिस भी दिए गए। हालांकि म्हाडा के अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं होने की बात कह रहे हैं. ऐसे में यदि पुनर्विकास या भवन खाली होता तो शनिवार को हुए हादसे में कोई जनहानि नहीं होती, ऐसी आशंका क्षेत्र में जताई जा रही है। इसी तरह, मुंबई में 14,000 से अधिक सेस वाली इमारतें खतरनाक स्तर पर हैं। चूंकि इन इमारतों का पुनर्विकास रुका हुआ है, इसलिए वहां मौजूद सैकड़ों परिवारों का जीवन अभी भी खतरे में है। दक्षिण मुंबई में खतरनाक इमारतों में रहने वाले हजारों परिवार डर में जी रहे हैं क्योंकि ऐसी इमारतें ढह रही हैं। जहां पुरानी इमारतों का पुनर्विकास रुक गया है, वहीं उन इमारतों की मरम्मत तय क्षमता से ज्यादा हो गई है, इसलिए खतरा कम नहीं हुआ है। इसके चलते कई परिवार मुंबई नगर निगम और म्हाडा के नोटिस को नजरअंदाज कर एक ही बिल्डिंग में रह रहे हैं। ग्रांट रोड में रूबिनिसा बिल्डिंग में हुए हादसे के 80 से 100 साल बाद खतरनाक इमारतों में रहने वालों की सुरक्षा का मुद्दा नए सिरे से उठाया गया है।

आस्था कभी अंधी नहीं होती : मोहन भागवत

मुंबई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने देशवासियों की अपनी परंपराओं और पूर्वजों में आस्था को कम करने के लिए व्यवस्थित तरीके से प्रयास किए। उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज जो चले आ रहे हैं, वे विश्वास हैं। कुछ अंधविश्वास भी होता है, लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती। कुछ गलत हो सकता है, तो उसे बदलने की जरूरत है। संघ प्रमुख ने कहा कि अंग्रेजों ने 1857 के बाद जब औपचारिक रूप से भारत पर शासन करना शुरू किया तो हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए सुनियोजित प्रयास किए। हमारी अपनी परंपराओं और पूर्वजों में जो आस्था थी, उसे खत्म कर दिया। भागवत ने यह बात लेखक जी.बी. देगलुरकर की पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर कही ।

मूर्तियों के पीछे है विज्ञान

भागवत ने कहा कि भारत में मूर्ति पूजा होती है जो आकार से परे जाकर निराकार से जुड़ती है। हर किसी के लिए निराकार तक पहुंचना संभव नहीं है। इसलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है। मूर्तियों के पीछे भी एक विज्ञान है। उन्होंने कहा कि भारत में मूर्तियों के चेहरे पर भावनाएँ अंकित होती हैं, जो दुनिया में और कहीं नहीं मिलतीं।

हर चीज को मुट्ठी में रखना राक्षसों की प्रवृत्ति

भागवत ने कहा कि राक्षसों की मूर्तियों में दिखाया गया है कि वे किसी भी चीज को अपनी मुट्ठी में कसकर पकड़ लेते हैं। राक्षसों की प्रवृत्ति हर चीज को अपने हाथ में रखने की होती है। उनकी सोच है कि हम अपनी मुट्ठी में उन चीजों की रक्षा करेंगे। इसलिए वे राक्षस हैं। मगर भगवान की मूर्तियां कमल की तरह धनुष भी धारण करती हैं। उन्होंने कहा कि साकार से निराकार की ओर जाने के लिए एक दृष्टि होनी चाहिए। जो लोग आस्था रखते हैं, उनके पास दृष्टि होगी।

राजनीति ढुकानों पर नेमप्लेट को लेकर बढ़ी सियासत

फैसले पर संजय राउत ने भाजपा पर साधा निशाना

दोपहर संवाददाता । मुंबई

उत्तर प्रदेश में कांवड़ रूट पर दुकानों का नाम और दुकानदार का नाम बताने वाले योगी सरकार के फैसले पर अब शिवसेना (यूबीटी) ने अपना विरोध जताया है। पार्टी के सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय राउत ने हाल ही में जारी योगी सरकार के आदेश को लेकर भाजपा पर निशाना साधा।

'भाजपा को इससे कोई लाभ नहीं होगा'

योगी सरकार ने प्रदेश में कांवड़ रूट पर दुकानदारों को अपने स्टॉल के सामने अपने मालिक का नाम बताते हुए नेमप्लेट लगाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को ऐसे आदेशों के माध्यम से देश को विभाजित करने से कोई लाभ नहीं होगा, क्योंकि इससे देश की एकता टूटेगी। राउत ने शनिवार को मुंबई में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, ₹अब आप (भाजपा) खाद्य पदार्थों की दुकानों को जाति और धर्म के आधार पर नेमप्लेट लगाने का निर्देश दे रहे हैं? क्या आप देश को विभाजित करना चाहते हैं? इससे आपको कोई लाभ नहीं होगा। आप देश की एकता को तोड़ रहे हैं।₹ राउत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिवसेना अपने हिंदुत्व के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध है। लेकिन वह समाज में विभाजन पैदा करने का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा, ₹कांवड़ यात्रा, अयोध्या, काशी, मथुरा गर्व की बात है। हमने हिंदुत्व के लिए संघर्ष किया है।

राउत ने नीतीश समेत चिराग पासवान को घेरा

शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने भाजपा के गठबंधन सहयोगियों पर भी निशाना साधा और उन्हें 'सत्ता का गुलाम' कहा। साथ ही नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान की भूमिका पर सवाल उठाए। राउत ने आगे कहा, ₹यह देखना होगा कि नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, अपना दल, चिराग पासवान भाजपा की फूट डालो और राज करो (नीति) का समर्थन करेंगे या नहीं। गठबंधन के सहयोगी सत्ता के गुलाम हैं। नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान की क्या भूमिका है? अगर उनमें हिम्मत है, तो उन्हें आगे आना चाहिए।₹ हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए राउत ने कहा, ₹भाजपा को पहले भी लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। लोग देश को बांटने वालों को वोट नहीं देंगे। यह कौन सा नया खेल है?

क्या है योगी सरकार का आदेश?

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया था कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर खाद्य और पेय पदार्थों की दुकानों पर संचालक/मालिक का नाम और पहचान प्रदर्शित की जानी चाहिए, ताकि तीर्थयात्रियों की आस्था की पवित्रता बनी रहे। इसके अलावा, हलाल-प्रमाणित उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। योगी सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली राज्य की सभी दुकानों पर पहचान पत्र के इस्तेमाल को अनिवार्य करने के कदम के परिणामस्वरूप भाजपा और विपक्ष के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई है।

अमेरिका भागने वाले आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

फर्जी हस्ताक्षर कर 1.7 करोड़ का लोन लेने का मामला दर्ज

मुंबई। काला चौकी पुलिस ने एक 50 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। जिस पर षड्यंत्र रचने, धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज है। आरोपी पर कथित तौर पर अपने व्यापारिक सहयोगी, 68 वर्षीय विधवा के हस्ताक्षर की नकल करके आठ वित्तीय संस्थानों से 1.7 करोड़ रुपए का व्यक्तिगत ऋण लेने और संयुक्त राज्य अमेरिका भाग जाने का आरोप है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच की जिसके बाद 3 जुलाई को मामला दर्ज किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जैसा कि हमें पता चला है कि आरोपी अमेरिका के फ्लोरिडा भाग गया है। हमने भारत आते ही उसे पकड़ने की उम्मीद में उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। पुलिस के अनुसार कि अपराध 2020 और 2023 के बीच किया गया था। लेकिन मामला इस साल जुलाई की शुरुआत में दर्ज किया गया जब उसे अदालत के समन और वित्तीय संस्थानों से जारी नोटिस के माध्यम से इसके बारे में पता चला, जिसमें उसके घर को सील करने की धमकी दी गई थी।

पेट्रोल पंप बेचने का किया सौदा

शिकायतकर्ता शशिबाला ओभान ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार को 1975 में पेट्रोल पंप की डीलरशिप मिली थी और वे कॉटन ग्रीन रेलवे स्टेशन के पास इसे चलाते थे। चूंकि पेट्रोल पंप के साझेदार उसके परिवार में बदलते रहे, इसलिए वर्ष 2007 में ओभान ने पेट्रोल पंप की डीलरशिप बेचने का निर्णय लिया था। साल 2007 में नूर मोहम्मद मर्चेंट और उनके बेटे रियाज़ ने पेट्रोल पंप खरीदने के लिए संपर्क किया।

हुसैन ने किए जारी हस्ताक्षर

शशिबाला ने बताया कि डील तय होने के बाद हमने उन्हें पेट्रोल पंप बेचने का फैसला किया। लेकिन असलियत में उन्होंने पेट्रोल पंप अपने दामाद के नाम पर खरीदा था। दावा किया कि वह अपने दामाद और बेटी को आर्थिक रूप से स्थिर बनाना चाहते थे। पीड़िता जब उनकी बेटी से कनाडा मिलने गई तब उनके नाम पर नोटिस और समन जारी किया गया, पूछताछ की तो पता चला कि हुसैन ने उनके जाली हस्ताक्षर किए और कंपनी के नाम पर आठ वित्तीय संस्थानों से 1.7 करोड़ रुपए का व्यक्तिगत ऋण लिया है।

संपादकीय

जानलेवा प्रदूषण

यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। पिछले दिनों चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के अध्ययन में ये आंकड़े सामने आए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिन शहरों में निर्धारित मानकों से अधिक प्रदूषण है, वहा भी प्रदूषण नियंत्रण के लिये केंद्र द्वारा आवंटित राशि का बड़ा हिस्सा अनुपयोगी रह जाता है। विडंबना देखिए कि 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। यह स्थिति तब है जब देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने इस चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। कालांतर नये लक्ष्य निर्धारित किये गए और कहा गया कि दो वर्ष का समय आगे बढ़ाकर लक्ष्य को चालीस फीसदी कर दिया जाए। दरअसल, इस अभियान के अंतर्गत वार्षिक आधार पर वायु स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाता है। इस अभियान के तहत वातावरण में व्याप्त धूल को नियंत्रित करने वाले कदम उठाये जाते हैं। मसलन सार्वजनिक यातायात को प्रोत्साहन, शहरों में पौधरोपण करके हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे अभियान को गति देना। यह कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था। लेकिन राज्य सरकारों व स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। उल्लेखनीय है कि इस अभियान की निगरानी केंद्र सरकार के कुछ विभागों के अलावा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण भी करता रहा है। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। उल्लेखनीय है कि प्रदूषित शहरों को वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप कार्यक्रम संचालित करने थे। ये वे शहर थे जहां पांच सालों तक हवा की गुणवत्ता लक्षित मानकों से कम रही थी। केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया। कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। यह स्थिति इस गंभीर चुनौती को लेकर आपराधिक लापरवाही को ही दर्शाती है। जाहिर है ऐसी लापरवाही से इन शहरों की हवा सुधारने के लक्ष्य हासिल करना असंभव ही लगता है। जीवाश्म ईंधन के उपयोग, सड़कों पर निरंतर बढ़ते पेट्रोल-डीजल वाहन, सार्वजनिक यातायात की बदहाली व कचरे का ठीक से निस्तारण न होने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल करना मुश्किल ही नजर आता है। अब केंद्र सरकार इस दिशा में गंभीरता से पहल कर रही है और नये सिरे से योजना का मूल्यांकन करने जा रही है। जिससे प्रदूषित शहरों को दी जाने वाली राशि का यथा समय अधिकतम उपयोग हो सके। निस्संदेह, राज्यों के शासन व स्थानीय प्रशासन के वायु प्रदूषण को लेकर उदासीन रवैये से नागरिकों के जीवन का संकट बरकरार है। दरअसल, ऐसे कार्यक्रमों की सार्थकता नागरिकों की जागरूकता पर भी निर्भर करती है। सर्वविदित तथ्य है कि न तो सरकारों के पास पर्याप्त संसाधन हैं और न ही ऐसा विशिष्ट कार्यबल। नागरिकों की जागरूकता व जवाबदेही बढ़ाकर वायु प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। यह एक गंभीर संकट है और गंभीर समाधान ही मांगता है।

असहनीय गर्मी से बचाव हेतु बनें सरकारी नीतियां

मुकुल व्यास

पृथ्वी ने लगातार 13 महीनों तक तापमान के रिकॉर्ड तोड़े हैं। हर महीने तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार जून, 2023 से हर महीना अपने पिछले महीने से ज्यादा गर्म रहा है जिससे जुलाई, 2023 और जून, 2024 के बीच वैश्विक औसत तापमान औद्योगिक क्रांति से पहले के तापमान से (1.64 डिग्री सेल्सियस) ज्यादा हो गया है। नई रिपोर्ट तैयार करने वाली यूरोपियन यूनियन की कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के निदेशक कार्लो बुओनटेम्पो ने कहा कि यह सिर्फ सांख्यिकीय विषमता नहीं है। ये आंकड़े हमारी जलवायु में एक बड़े और निरंतर परिवर्तन को उजागर करते हैं।

भले ही चरम सीमाओं का यह विशिष्ट सिलसिला किसी बिंदु पर समाप्त हो जाए, लेकिन जलवायु के गर्म होने के साथ-साथ हम नए रिकॉर्ड टूटते हुए देखेंगे। जब तक हम वायुमंडल और महासागरों में ग्रीनहाउस गैसों को जोड़ना बंद नहीं करते, यह सिलसिला जारी रहेगा। दुनिया ने इस साल गर्मी का रौद्र रूप देखा है। दक्षिणी और पूर्वी एशिया, दक्षिणी पश्चिमी अमेरिका, मध्य अमेरिका और दक्षिण-पूर्वी यूरोप सहित दुनिया के कई हिस्सों को अत्यधिक गर्मी का सामना करना पड़ा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह काफी हद तक ग्लोबल वार्मिंग का ही नतीजा है। उत्तरी भारत ने कई सप्ताह तक भीषण गर्मी झेली, जिसमें तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अत्यधिक गर्मी जानलेवा हो सकती है। मार्च में भारत में गर्मी शुरू होने के बाद साढ़े तीन महीनों के दौरान अनेक लोगों की जानें गई। लू और गर्मी से मरने वालों की सही-सही संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गर्मी की वजह से 143 लोगों की मृत्यु हुई। लेकिन विभिन्न राज्यों से मिले आंकड़े बताते हैं कि हीट स्ट्रोक से मौत के पुष्ट और संदिग्ध मामले 400 से अधिक हैं। सबसे ज्यादा मौतें उत्तर प्रदेश में हुईं जबकि पुष्ट मामलों में दिल्ली सबसे आगे रहा। भारत में इस साल गर्मी असाधारण रूप से असहनीय रही। पिछले सालों की तुलना में लू इस बार अधिक तीव्र रही। गर्म हवाओं की अवधि भी सामान्य से अधिक रही। इस बार न सिर्फ दिन बल्कि रातें भी अच्छी-खासी गर्म रहीं। दिल्ली में जून के महीने में एक दिन रात का न्यूनतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो कि पिछले 60 वर्षों में दर्ज सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। लंबे समय से चल रही गर्मी के कारण बिजली की खपत के रिकॉर्ड भी टूटे। पानी के संकट के कारण लोगों की कठिनाइयां और भी बढ़ गईं।

भारत के अलावा दुनिया के दूसरे देशों में भी हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से कई मौतें हुईं। सबसे भयानक त्रासदी सऊदी अरब में हुई जहां 1300 से अधिक हाजियों ने भीषण गर्मी में दम तोड़ दिया। उन दिनों वहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था। शोध से पता चलता है कि उत्तरी गोलार्ध में गर्मी की खतरनाक लहरों के पीछे मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है और आने वाले दशकों में दुनिया को ऐसे ही मौसम का सामना करना पड़ेगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर जलने से वायुमंडल में अधिक कार्बन का उत्सर्जन होता है, जिससे हवा सूर्य से आने वाली अधिक गर्मी को ट्रैप कर सकती है। इससे औसत वैश्विक तापमान बढ़ता है। दुनिया में तापमान वृद्धि की शुरुआत पश्चिमी देशों द्वारा कोयला और अन्य जीवाश्म ईंधन जलाने से हुई। वैज्ञानिक यह पता लगाने के लिए अध्ययन कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन ने किसी विशिष्ट गर्मी की लहर को कितना प्रभावित किया है। उन्होंने पिछले दशक में ऐसे सैकड़ों अध्ययन किए हैं, जिसमें कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए आज की मौसम प्रणालियों की तुलना की गई है। वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि यदि पिछली सदी में मनुष्यों ने वायुमंडल की केमिस्ट्री को नहीं बदला होता तो आज मौसम कैसा व्यवहार करता।

ग्लोबल वार्मिंग के अलावा, अन्य कारक और परिस्थितियां भी हीट वेव को प्रभावित कर सकती हैं। एल नीनो या ला नीना जैसी जलवायु प्रणालियां, क्षेत्रीय सर्कुलेशन पैटर्न के साथ-साथ एक बड़ा प्रभाव डाल सकती हैं। भूमि आवरण भी एक बड़ी भूमिका निभा सकता है, जिसमें अंधेरी सतह और निर्मित वातावरण परावर्तक सफेद सतहों या जंगलों या आर्द्र भूमि जैसी प्राकृतिक प्रणालियों की तुलना में अधिक गर्म होते हैं। जलवायु प्रणाली में भूमि की महत्वपूर्ण भूमिका है। भूमि के इस्तेमाल में परिवर्तन से जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा मिलता है। जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य को संकट में डालने के अलावा प्राकृतिक प्रणालियों को भी प्रभावित कर रहा है। इसकी वजह से वर्षा, बाढ़ और समुद्री तूफान का पैटर्न बदल रहा है। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। वैज्ञानिकों का निष्कर्ष यह है कि जलवायु परिवर्तन पहले से ही गर्मी की लहरों को अधिक गर्म बना रहा है। उनकी फ्रीक्वेंसी बढ़ रही है और वे ज्यादा खतरनाक भी हो गई हैं। दुनिया 2100 तक 2.7 सेल्सियस की वृद्धि तक पहुंचने की राह पर है, जो 1.5 सेल्सियस की सीमा को पार कर जाएगी। सीमा पार करने पर वैज्ञानिकों ने विनाशकारी और अपरिवर्तनीय जलवायु प्रभावों की भविष्यवाणी की है। दुनिया की सरकारों को उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य की हिफाजत के लिए बड़े उपाय करने होंगे। मानव शरीर अत्यधिक तापमान नहीं झेल सकता। गर्मी सबसे ज्यादा गरीब लोगों को प्रभावित करती है। आने वाले समय में तीव्र गर्मी के प्रभावों से मेहनतकश लोगों को बचाना होगा। इनमें किसान और श्रमिक शामिल हैं। धूप में काम करने वाले मजदूरों के लिए सरकार कार्य समय निर्धारित कर सकती है जिसमें अनिवार्य विश्राम शामिल है। विश्राम के लिए जगह-जगह कूलिंग सेंटर बनाए जा सकते हैं। सरकारों को यह भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि गर्मियों के दौरान बिजली और पानी की आपूर्ति में कोई बाधा न आए। यह सब करने के लिए सरकारों को अपने बजट में विशेष प्रावधान करना होगा और बड़े साहसिक कदम उठाने पड़ेंगे।

सहज योग

सहज योगी गुरु और अन्य गुरुओं में अंतर

एक सहज योगी के लिए, उसे जो करना है, वह यह है कि उसे प्रेम की शक्तियों को समझना है। प्रेम की शक्तियां, यदि आप समझ सकते हैं, तो यह आपके भीतर बढ़ेंगी।

इसलिए सहज योग की तकनीक इस तरह है। यह क्रोध नहीं है। यह अपकर्षण नहीं है। यह घृणा नहीं है। लेकिन तकनीक ऐसी है। जिसके द्वारा आप अपने प्रेम को जताते हैं। इस तरह से आप को समझना होगा एक सहज योगी गुरु और अन्य गुरुओं में अंतर। अपने शिष्य को पीटने का सवाल ही नहीं उठता, डांटने का सवाल नहीं उठता, उन पर चिल्लाने का सवाल नहीं उठता। प्रेम सबसे शक्तिशाली चीज़ है। निस्संदेह यह कुछ लोगों पर काम नहीं करता है, मैं मानती हूं, उन्हें भूल जाइए। लेकिन यह अधिकतर लोगों में काम करता है क्योंकि परमेश्वर ने हमें अपने प्रेम से बनाया है और हमारे पास क्षमता है उस प्रेम को प्राप्त करने की और उस प्रेम का आनंद लेने की। तो एक सहज योगी के लिए, उसे जो करना है, वह यह है कि उसे प्रेम की शक्तियों को समझना है। प्रेम की शक्तियां, यदि आप समझ सकते हैं, तो यह आपके भीतर बढ़ेंगी। कुछ लोगों के पास है, कुछ लोगों के पास यह नहीं है। समझने की कोशिश कीजिए, यह परमचैतन्यऔर कुछ नहीं लेकिन यह ईश्वर के प्रेम की शक्ति है या आप कह सकते हैं 'मां का प्रेम'! यह शक्ति इतनी सुंदरता से काम करती है, ऐसे अप्रकट तरीके से, कि आप इसे 'चमत्कार' कहते हैं। क्योंकि आप नहीं देख सकते कि इसने कैसे काम किया है। तो पहली और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है, अपने भीतर प्रेम कि अनुभूति को विकसित करने की कोशिश करें। समझिए। एक समस्या है जिसे हमेशा गलत समझा जाता है। शुद्ध प्रेम को बहुत आसानी से समझा जा सकता है, कि यह आपको आनंद देता है, कि यह दूसरों को और अच्छा बनने में सहायता करता है, यह बहुत सूक्ष्म तरीके से काम करता है। अब याद करने की कोशिश करिए, जब आप सहज योग में आए थे, याद रखने की कोशिश करिए कि कैसे आपको अपना आत्मसाक्षात्कार मिला, याद करने की कोशिश करिए कि आप कैसे बढ़ने लगे। ये हमारे भीतर प्रेम के बीज की तरह हैं, जो अंकुरित हो गए हैं। धीरे-धीरे और थोड़ा-थोड़ा हमने शुरुआत की प्रेम के आशीर्वाद के बौछार की। इसके बाद हमने इसका आनंद उठाना शुरू किया और इसे समझना शुरू कर दिया। अब इस पड़ाव पर जब हम गुरु बनने वाले हैं या हम पहले से ही गुरु हैं, हमें प्रेम के अवतरण के अलावा कुछ भी नहीं होना चाहिए। यह एक बहुत अलग सिद्धांत मैं आपको बता रही हूं। कोई गुरु इसे स्वीकार नहीं करेगा, वो जो पहले से ही हर जगह गुरु के रूप में स्वीकार किए गए हैं। और ज्ञान, ज्ञान जो वे आपको देते हैं, बहुत सूक्ष्म चीजों का ज्ञान है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | रॉबिन विलियम्स

जिसने पूरी दुनिया को हंसने के लिए कर दिया मजबूर



रॉबिन विलियम्स, वह मजाकिया आदमी जिसने न केवल अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया को अपनी अद्भुत अदाकारी से हंसाया। एक अमेरिकी अभिनेता और हास्य अभिनेता थें, जिसे उसकी विचित्र अभिव्यक्ति और मासूम, लेकिन मजाकिया संवादों के लिए बच्चों और बड़ों दोनों द्वारा उन्हें समान रूप से प्यार किया जाता था। एक हास्य अभिनेता के रूप में ज्यादा प्रसिद्ध होने के बावजूद विलियम्स एक बहुत ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्व थे, जो एक बहुत ही गंभीर भूमिका को उतनी ही सहजता से निभा सकते थे, जितनी सहजता से वह एक हास्य भूमिका निभाते थे।

रॉबिन मैकलॉरिन विलियम्स का जन्म 21 जुलाई 1951 को शिकागो में हुआ था। वह फोर्ड मोटर कंपनी के एक वरिष्ठ कार्यकारी रॉबर्ट फिट्जगेराल्ड विलियम्स और एक मॉडल और अभिनेता लॉरी मैकलॉरिन की एकमात्र संतान थे। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में एक स्टैंडअप कॉमेडियन के रूप में अपने शानदार करियर की शुरुआत की, सुधार की कला सीखी और अपने मंच प्रदर्शन में नवीन नई तकनीक को लागू किया। प्रतिष्ठित अकादमी पुरस्कारों के लिए तीन बार नामांकित हुए। उन्होंने फिल्म 'गुड विल हंटिंग' में अपने बहुप्रशंसित प्रदर्शन के लिए एक बार पुरस्कार जीता। एक वरिष्ठ कार्यकारी के बेटे, युवा रॉबिन के लिए शोबिज़ एक अप्रत्याशित करियर पथ प्रतीत होता था। एक लड़के के रूप में वह हमेशा स्कूल में मज़ाक करता था और अपने चुटकुलों से दूसरों को हंसाता था, इसमें कोई शक नहीं कि उसके सहपाठियों ने उसे सबसे मजेदार चुना था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक स्टैंड-अप कॉमेडियन के रूप में की, जहां उन्हें सफलता मिली। एक चीज़ ने दूसरी चीज़ को जन्म दिया और जल्द ही वह टेलीविज़न पर कॉमेडी शो करने लगे। हिट सिटकॉम 'मॉर्क एंड मिंडी' ने उन्हें इतना लोकप्रिय बना दिया कि उन्हें एहसास हुआ कि वह बड़ी सफलता के लिए बने हैं। इस प्रकार, उन्होंने फिल्मों की दुनिया में प्रवेश किया और एक मजाकिया व्यक्ति बन गए, जिससे हर कोई प्यार करने लगा। विलियम्स 11 अगस्त 2014 को कैलिफोर्निया के पैराडाइज के में अपने घर में मृत पाए गए थे।

जीवन ऊर्जा | अर्नेस्ट हेमिंग्वे : जन्म- 21 जुलाई, 1899 | जन्म

किताब से ज्यादा वफ़ादार कोई दोस्त नहीं है

अर्नेस्ट हेमिंग्वे एक अमेरिकी लेखक थे जो अपनी सरल, शक्तिशाली लेखन शैली के लिए जाने जाते थे। उन्होंने ₹द ओल्ड मैन एंड द सी₹ और ₹ए फेयरवेल टू आर्म्स₹ जैसी प्रसिद्ध पुस्तकें लिखीं। हेमिंग्वे के साहसिक जीवन और व्यक्तिगत संघर्षों ने उनके काम को प्रभावित किया, जिससे वे 20वीं सदी के सबसे प्रसिद्ध लेखकों में से एक बन गए। अर्नेस्ट हेमिंग्वे का जन्म 21 जुलाई 1899 को हुआ था और उनकी मृत्यु 2 जुलाई 1961 को हुई थी।



दबाव में साहस ही अनुग्रह है। दुनिया सबको तोड़ती है, और बाद में, कुछ लोग टूटे हुए स्थानों पर मजबूत होते हैं। आंदोलन को कभी भी कार्रवाई के साथ भ्रमित न करें। यह पता लगाने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप किसी पर भरोसा कर सकते हैं या नहीं, उन पर भरोसा करना है। जो दुख देता है उसके बारे में कठोर और स्पष्ट लिखें। जीवन के बारे में लिखने के लिए पहले आपको इसे जीना होगा। किताब से ज़्यादा वफ़ादार कोई दोस्त नहीं है। वास्तव में जीने से पहले आपको मरने के लिए तैयार रहना होगा। केवल एक चीज़ जो मायने रखती है वह है लिखना, और लिखना कठिन है। बुद्धिमान लोगों में खुशी सबसे दुर्लभ चीज़ है जो मैं जानता हूँ। आपको बस एक सच्चा वाक्य लिखना है। सबसे सच्चा वाक्य लिखें जो आप जानते हैं। मुझे नींद बहुत पसंद है। जब मैं जागता हूँ तो मेरी ज़िंदगी बिखर जाती है, तुम्हें पता है? यात्रा का अंत होना अच्छा है, लेकिन अंत में यात्रा ही मायने रखती है। सूर्य भी उगता है, और तुम भी उगोगे। किसी समस्या से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है उसे हल करना। मन की पूरी ज़िंदगी जियो, नए विचारों से उत्साहित रहो, असामान्य के रोमांस से मदहोश रहो। लिखने में कुछ नहीं है। आप बस टाइपराइटर पर बैठते हैं और खून बहाते हैं। एक आदमी को नष्ट किया जा सकता है, लेकिन पराजित नहीं किया जा सकता। जब लोग बात करते हैं, तो पूरी तरह से सुनें। ज़्यादातर लोग कभी नहीं सुनते। आप बाकी सभी से अलग रास्ते पर हैं। साहस के साथ इसका अनुसरण करें। याद रखें कि जीवन में सफल होने के लिए आपको बस एक सच्चे दोस्त की ज़रूरत है। गलतियाँ करने और उनसे सीखने के लिए तैयार रहें।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

विपत्ति काल में भगवान पर रखें भरोसा

(भाग 2)

व्यापारी वह पुण्य बेचने को तैयार हुआ। सेठ ने कहा कि उस पुण्य के बदले वह व्यापारी को चार रोटियों के वजन के बराबर हीरे-मोती देगा। चार रोटियां बनाई गईं और उसे तराजू के एक पलड़े में रखा गया। दूसरे पलड़े में सेठ ने एक पोटली में भरकर हीरे-जवाहरात रखे। पलड़ा हिला तक नहीं। दूसरी पोटली मंगाई गई। फिर भी पलड़ा नहीं हिला।

कई पोटलियों के रखने पर भी जब पलड़ा नहीं हिला तो व्यापारी ने कहा- सेठजी, मैंने विचार बदल दिया है मैं अब पुण्य नहीं बेचना चाहता।

व्यापारी खाली हाथ अपने घर की ओर चल पड़ा। उसे डर हुआ कि कहीं घर में घुसते ही पत्नी के साथ कलह न शुरू हो जाए।

जहां उसने कुतिया को रोटियां डाली थी, वहां से कुछ कंकड़-पत्थर उठाए और साथ में रखकर गांठ बांध दी।

घर पहुंचने पर पत्नी ने पूछा कि पुण्य



बेचकर कितने पैसे मिले तो उसने थैली दिखाई और कहा इसे भोजन के बाद रात को ही खोलेंगे।

इसके बाद गांव में कुछ उधार मांगने चला गया। इधर उसकी पत्नी ने जबसे थैली देखी थी उसे सब्र नहीं हो रहा था। पति के जाते ही उसने थैली खोली। उसकी आंखे फटी रह गईं। थैली हीरे-जवाहरातों से भरी थी। व्यापारी घर लौटा तो उसकी पत्नी ने पूछा कि पुण्यों का इतना अच्छा मोल किसने दिया ? इतने हीरे-जवाहरात कहां से आए ? व्यापारी को अंदेशा हुआ कि पत्नी सारा भेद जानकर ताने तो नहीं मार रही लेकिन, उसके चेहरे की चमक से ऐसा लग नहीं रहा था। व्यापारी ने कहा- दिखाओ कहां हैं हीरे-जवाहरात।

.पत्नी ने लाकर पोटली उसके सामने उलट दी। उसमें से बेशकीमती रत्न गिरे। व्यापारी हैरान रह गया। फिर उसने पत्नी को सारी बात बता दी। पत्नी को पछतावा हुआ कि उसने अपने पति को विपत्ति में पुण्य बेचने को विवश किया।

दोनों ने तय किया कि वह इसमें से कुछ अंश निकालकर व्यापार शुरू करेंगे। व्यापार से प्राप्त धन को इसमें मिलाकर जन कल्याण में लगा देंगे

ईश्वर आपकी परीक्षा लेता है। परीक्षा में वह सबसे ज्यादा आपके उसी गुण को परखता है जिस पर आपको गर्व हो।n अगर आप परीक्षा में खरे उतर जाते हैं तो ईश्वर वह गुण आपमें हमेशा के लिए वरदान स्वरूप दे देते हैं। अगर परीक्षा में उतीर्ण न हुए तो ईश्वर उस गुण के लिए योग्य किसी अन्य व्यक्ति की तलाश में लग जाते हैं।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

दृष्टिकोण

यह सोनपुर में स्थित छोटे से गांव के गरीब परिवार के दो भाईयों की कहानी है।एक का नाम सोहम था और दूसरे का नाम मोहन। वह दोनों ही सगे भाई थे, पर दोनों की जीवनशैली, जीवन जीने का तरीका बहुत ही अलग था। मोहन बहुत ही गुस्सा वाला था। काम धंधे से ज्यादा व्यसन करना, उसके दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा था। गांव वालो को हानि पहुंचाना यही काम वो रोज करता था। जैसे मानो उसका जन्म सिद्ध अधिकार हो। सोहम बहुत ही शांत स्वभाव वाला था। व्यसन जैसे आदतों से दूर रहता था। वह अपने परिवार को हर तरह की सुख सुविधा उपलब्ध हो इसलिए वह निरंतर कष्ट करता था। गांव के प्रसिद्ध व्यक्ति ने दोनो भाईयो को कहा की आप दोनो एक ही पिता के संतान हो पर आपके विचार इतने अलग केसे है? मोहन ने जवाब दिया, मैं जो भी व्यवहार करता हु इसमें मेरा कोई दोष नही हैं। इसमें मेरे पिताजी का दोष है। हमारी आर्थिक परिस्थिति बिलकुल भी अच्छी नहीं थी जिसके चलते व्यसन करना, लोगों को परेशान करना में सिख गया। पिताजी को देखते देखते मैं भी उनकी तरह बन गया।सोहम ने जवाब दिया कि, मै भी अपने पिताजी से ही सीखा हु।मेरे पिताजी की बुरे आदतें और जीवनशैली देखने के बाद में बहुत घबरा गया था। मैंने निश्चित किया की मैं ऐसा कोई कार्य नहीं करूँगा जो मेरे पिताजी करते है। हमारा जीवन हमारे दृष्टिकोण पर निर्भर करता है।

व्यर्थ का परिश्रम

एक प्राचीन प्रेरक कथा है। एक बार एक संत समुद्र किनारे टहल रहे थे। तभी अचानक जोर का तूफान आया। तूफान के प्रभाव से ऊंची-ऊंची समुद्र की लहरें उठने लगीं। उन लहरों के साथ सैकड़ों मछलियां बाहर आकर गिरने लगीं। जल से बाहर हो जाने के कारण मछलियां तड़पने लगीं। स्वाभाविक दयालुता के कारण संत उन मछलियों को उठा उठाकर वापस समुद्र में फेंकने लगे, लेकिन मछलियों की संख्या सैंकड़ों में थी। जिस कारण वे सबको वापस नहीं फेक सकते थे। तब भी वे अपने प्रयास में लगे रहे। वहां से गुजरने वाले एक व्यक्ति ने उन्हें देखकर कहा, आप व्यर्थ का परिश्रम कर रहे हैं। आप सारी मछलियों को वापस नहीं फेंक सकते। फिर यह तो रोज का काम है। आपके इस परिश्रम से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। संत ने एक तड़पती मछली को उठाकर वापस समुद्र में फेंकते हुए कहा, इसे तो फर्क पड़ेगा न। मेरे परिश्रम से इसका तो जीवन बच जाएगा यही बहुत है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

एक यात्रा ओरछा की ओर

नीलम रामअवध

भारत के मध्य प्रदेश राज्य का एक छोटा सा शहर ओरछा, घूमने के लिए एक जादुई जगह है, खासकर बरसात के मौसम में। अपने ऐतिहासिक आकर्षण और हरे-भरे परिदृश्यों के साथ, ओरछा एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है जो बारिश आने पर और भी अधिक मनमोहक हो जाता है।

बरसात के मौसम में ओरछा क्यों जाएं?

बरसात का मौसम ओरछा को एक जीवंत, हरे-भरे स्वर्ग में बदल देता है। कभी सूखे और धूल भरे रास्ते हरे-भरे और हरे-भरे हो जाते हैं, और प्राचीन मंदिरों और महलों पर बारिश की बूंदों की आवाज़ एक सुखद सिम्फनी बनाती है। मौसम ठंडा होता है, जो शहर की खोज को और अधिक सुखद बनाता है।

ओरछा में क्या देखें?

ओरछा का किला : यह भव्य किला ज़रूर देखना चाहिए। बुंदेला राजवंश द्वारा निर्मित, किले के परिसर में राजा महल, जहांगीर महल और राय प्रवीण महल शामिल हैं। किले की राजसी वास्तुकला और जटिल नक्काशी विशेष रूप से बारिश के बादलों की पृष्ठभूमि के साथ सुंदर दिखती है। बारिश पुरानी दीवारों और आंगनों में एक धुंधली सी खूबसूरती भर देती है।

चतुर्भुज मंदिर: भगवान विष्णु को समर्पित यह मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला और ऊंची मीनारों के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर एक ऊंचे मंच पर खड़ा है, जिससे आसपास की हरियाली का मनोरम दृश्य दिखाई देता है। बारिश मंदिर के

माहौल में एक ताजगी भर देती है।

राम राजा मंदिर : यह मंदिर ओरछा के सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है। यह भगवान राम को समर्पित है



और यह मंदिर और महल दोनों होने के कारण अद्वितीय है। बारिश के मौसम में, आसपास का वातावरण शांत हो जाता है और पास में बहने वाली नदी मंदिर के आध्यात्मिक वातावरण को और भी बढ़ा देती है।

जहांगीर महल : यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के लिए बनवाया गया था। यह एक खूबसूरत संरचना है जिसमें शानदार नक्काशी और खूबसूरत बालकनियां हैं। बारिश के कारण महल का मैदान और भी खूबसूरत दिखाई देता है, जिसमें पानी महल की भव्यता को दर्शाता है।

बेतवा नदी : ओरछा से होकर बहने वाली बेतवा नदी बारिश के मौसम में शानदार दिखती है। नदी में पानी भर जाता है और आसपास का इलाका हरा-भरा हो जाता है। आप नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं और बारिश से सराबोर परिदृश्य के सुंदर दृश्यों की प्रशंसा कर सकते हैं।

क्या करें ?

बगीचों की खोज : ओरछा के बगीचे, जैसे कि ओरछा किला और चतुर्भुज मंदिर के आसपास के बगीचे, बारिश के मौसम में हरे-भरे और रंग-बिरंगे फूलों से भरे होते हैं। बारिश पौधों के रंग और ताज़गी को बढ़ाती है, जिससे सैर करना सुखद हो जाता है।

फ़ोटोग्राफ़ी : प्राचीन वास्तुकला, हरे-भरे परिदृश्य और बारिश का संयोजन फ़ोटोग्राफ़ी के लिए एकदम सही सेटिंग बनाता है। बारिश के मौसम की कोमल रोशनी में नहाए हुए ओरछा की सुंदरता को कैद करें।

स्थानीय व्यंजन : शहर के भोजनालयों में कुछ स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लें। बारिश का मौसम गर्म, मसालेदार स्नैक्स और चाय को और भी मज़ेदार बना देता है। भुट्टे का कीस (मकई की सब्जी) और पोहा (चपटा चावल) जैसी स्थानीय खासियतें



मौसम के लिए एकदम सही हैं।

आराम करें और प्रकृति का आनंद लें: बारिश का मौसम ओरछा में शांति का एहसास कराता है। एक आरामदायक जगह खोजें, बारिश की आवाज़ सुनें और शांतिपूर्ण परिवेश का आनंद लें। प्रकृति के बीच चिंतन और आराम करने का यह एक बेहतरीन समय है।

ऑनलाइन शॉपिंग की लत और फिजूल खर्ची से बचें

ऑनलाइन शॉपिंग सुविधाजनक हो सकती है, लेकिन बहुत ज़्यादा खर्च करने की आदत पड़ना आसान है। अगर आपको लगता है कि आप ज़रूरत से ज़्यादा ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे हैं, तो यहां कुछ आसान सुझाव दिए गए हैं जो आपको अपने खर्च को नियंत्रित करने और लत से बचने में मदद करेंगे।

1. बजट निर्धारित करें

मासिक बजट बनाएं: तय करें कि आप हर महीने गैर-ज़रूरी चीज़ों पर कितना पैसा खर्च कर सकते हैं। ज़्यादा खर्च से बचने के लिए इस सीमा का पालन करें।

अपने खर्च पर नज़र रखें: अपने ऑनलाइन खरीदारी का रिकॉर्ड रखें ताकि पता चल सके कि आपका पैसा कहां जा रहा है। इससे आपको अपनी खर्च करने की आदतों के बारे में पता लगाने में मदद मिल सकती है।

2. मार्केटिंग ईमेल से मेंमबरशिप को खत्म करें

लुभावने ऑफर से बचें: ऑनलाइन स्टोर से न्यूज़लेटर और एड ईमेल से मेंमबरशिप समाप्त करें। इन ईमेल में अक्सर लुभावने ऑफ़र होते हैं जो आवेगपूर्ण खरीदारी को बढ़ावा दे सकते हैं।

नोटिफिकेशन बंद करें: खरीदारी करने की इच्छा को कम करने के लिए अपने फ़ोन पर शॉपिंग ऐप से नोटिफिकेशन को बंद करें।

3. खरीदारी की सूची बनाएं

अपनी खरीदारी की योजना बनाएं: खरीदारी करने से पहले, उन वस्तुओं की सूची बनाएं जिनकी आपको वास्तव में ज़रूरत है। इस सूची का पालन करें और ऐसी चीज़ें खरीदने से बचें जो इसमें नहीं हैं।

आवेगपूर्ण खरीदारी से बचें: ऐसी कोई चीज़ खरीदने से पहले 24 घंटे प्रतीक्षा करें जो आपकी सूची में नहीं है। इससे आपको यह तय करने में मदद मिल सकती है कि आपको वास्तव में इसकी ज़रूरत है या नहीं।

4. बजट नियंत्रण वाले शॉपिंग ऐप का उपयोग करें

सीमाएं निर्धारित करें: कुछ शॉपिंग ऐप आपको खर्च की सीमाएँ निर्धारित करने या खरीदारी को ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। अपने खर्च को नियंत्रित करने में मदद के लिए इन सुविधाओं का उपयोग करें।

अपना बजट ट्रैक करें: कई ऐप में ऐसी सुविधाएं होती हैं जो आपको वास्तविक समय में अपने बजट और खर्च पर नज़र रखने देती हैं।

5. खरीदारी के विकल्प खोजें

नए शौक खोजें: ऐसी गतिविधियां या शौक खोजें जिनमें पैसे खर्च न हों, जैसे पढ़ना, लंबी पैदल यात्रा या खाना बनाना। यह आपको खरीदारी करने की इच्छा से विचलित करने में मदद कर सकता है।

ऑफ़लाइन सामाजिकता: दोस्तों और परिवार के साथ व्यक्तिगत रूप से अधिक समय बिताएं, जिससे आप ऑनलाइन बिताए जाने वाले समय और खरीदारी करने के प्रलोभन को कम कर सकते हैं।

6. बोर होने पर ब्राउज़िंग से बचें

व्यस्त रहें: अगर आप बोर हो रहे हैं, तो ऑनलाइन स्टोर ब्राउज़ करने के बजाय उत्पादक गतिविधियां करें। खुद को व्यस्त रखने से खरीदारी करने की इच्छा कम हो सकती है।

ऑनलाइन गतिविधियों के लिए विशिष्ट समय निर्धारित करें: अपनी ऑनलाइन ब्राउज़िंग को दिन के विशिष्ट समय तक सीमित रखें, ताकि आप आवेगपूर्ण तरीके से खरीदारी करने की संभावना कम हो।

7. अपनी सदस्यता की समीक्षा करें

अनावश्यक सदस्यता रद्द करें: उन सभी सदस्यताओं या सदस्यताओं की समीक्षा करें और उन्हें रद्द करें जिनका आप अब उपयोग नहीं करते या जिनकी आपको आवश्यकता नहीं है। इससे पैसे बचाने और अनावश्यक खर्च को कम करने में मदद मिल सकती है।

नियमित रूप से अपने खर्च की जांच करें: यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप अधिक खर्च नहीं कर रहे हैं, समय-समय पर अपनी सदस्यता और ऑनलाइन खरीदारी की समीक्षा करें।

8. ज़रूरत पड़ने पर सहायता लें

किसी से बात करें: अगर आपको अपने खर्च को नियंत्रित करना मुश्किल लगता है, तो सहायता के लिए किसी विश्वसनीय मित्र या परिवार के सदस्य से बात करें।

प्रोफेशनल की मदद लें: अगर ऑनलाइन शॉपिंग आपके जीवन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर रही है, तो किसी वित्तीय सलाहकार या परामर्शदाता से मदद लेने पर विचार करें।

बरसात में स्वीट कॉर्न चाट लें मजा

कॉर्न चाट एक स्वादिष्ट और सेहतमंद नाश्ता है जो मीठे मकई, ताज़ी सब्जियों और तीखे मसालों से बनाया जाता है। यह ऐपेटाइज़र या हल्के भोजन के रूप में एकदम सही है। यहां घर पर कॉर्न चाट बनाने की एक सरल रेसिपी दी गई है।

सामग्री

1 कप स्वीट कॉर्न (ताजा या जमे हुए), 1 छोटा प्याज, बारीक कटा हुआ, 1 छोटा टमाटर, बारीक कटा हुआ, 1 खीरा, बारीक कटा हुआ, 1 हरी मिर्च, बारीक कटी हुई (ऑप्शनल, स्वाद के अनुसार समायोजित करें), 2 बड़े चम्मच नींबू का रस, 1 बड़ा चम्मच चाट मसाला (भारतीय किराने की दुकानों पर उपलब्ध), 1 चम्मच भुना जीरा पाउडर, 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर (स्वाद के अनुसार समायोजित करें), 1/2 चम्मच काला नमक (काला नमक, या स्वाद के लिए नियमित नमक), एक मुट्ठी ताजा धनिया पत्ते कटा हुआ, एक मुट्ठी ताजा पुदीना पत्ते कटा हुआ (ऑप्शनल), 1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया (ऑप्शनल), 1/4 कप अनार के बीज (ऑप्शनल, मीठा स्पर्श के लिए), 1 बड़ा चम्मच सेव (कुरकुरे छोले नूडल्स, ऑप्शनल, गार्निश के लिए)

मकई तैयार करें : मकई के दानों को पानी में एक चुटकी नमक के साथ लगभग 5-7 मिनट तक उबालें जब तक कि वे नरम न हो जाएं। पानी निथार लें और ठंडा होने दें। अगर आप चाहें तो कॉर्न को भाप में भी पका सकते हैं।

सब्जियां मिलाएं: एक बड़े मिक्सिंग बाउल में, कटा हुआ प्याज, टमाटर, खीरा और हरी मिर्च (अगर इस्तेमाल कर रहे हैं) मिलाएं।

मकई डालें : पकाया और ठंडा किया हुआ मकई का दाना सब्ज़ियों के साथ बाउल में डालें।

चाट को मसाला लगाएं : मकई और सब्ज़ियों पर चाट मसाला, भुना जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और काला नमक छिड़कें। मसाले समान रूप से वितरित होने के लिए सब कुछ अच्छी तरह मिलाएँ।

ताज़ी सामग्री डालें : मिश्रण में नींबू का रस डालें। इससे चाट को तीखा स्वाद मिलेगा। अगर इस्तेमाल कर रहे हैं तो कटा हुआ धनिया और पुदीना मिलाएँ।

ऑप्शनल सामग्री डालें: अगर आप अनार के दाने इस्तेमाल कर रहे हैं, तो चाट में मिठास और रंग भरने के लिए उन्हें धीरे से मिलाएं। आप चाहें तो बारीक कटा हुआ धनिया भी डाल सकते हैं।

परोसें : मकई की चाट को सर्विंग बाउल में डालें। परोसने से ठीक पहले, कुरकुरे टेक्सचर के लिए सेव से गार्निश करें।

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष आय में वृद्धि होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना।

वृष स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना।

मिथुन लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा।

कर्क पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें।

सिंह लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी।

कन्या कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना।

तुला भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा।

वृश्चिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें।

धनु बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा।

मकर प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

कुंभ रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी।

मीन जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें।

हर संकट से बचना है तो करें ये आसान उपाय

यह उपाय बहुत ही उपयोगी है, तब जब मनुष्य आकस्मिक संकट से घिर जाता है और उससे बाहर निकलने का रास्ता खोजना बहुत ही मुश्किल भरा हो जाता है।

अतः ऐसे समय में आप नीचे दिए गए इन उपायों को आजमाएंगे तो निश्चित ही आपके संकट तत्काल दूर होंगे। आइए जानें...

सुबह, शाम और रात को कपूर जलाना न भूलें। प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ें।

घर से बाहर जाते वक्त कभी भी झगड़कर न जाएं।

बाहर जाते से पहले कुछ मीठा खाकर जाएं।

शाम के वक्त (धरधरी के समय) खेलना, सफर करना, संभोग करना, झगड़ा करना, अपशब्द बोलना, टीवी देखना, बुरे विचार मन-मस्तिष्क में लाना आदि सभी कार्य करने से व्यक्ति संकटों से घिर जाता है।

दरवाजों के कब्जों में तेल डालते रहें अन्यथा दरवाजा खोलते या बंद करते समय आवाज करते हैं, जो कि वास्तु के अनुसार अत्यंत अशुभ और अनिष्टकारी होता है।

पैसा आता तो है लेकिन रूकता नहीं

यदि आप चाहते हैं कि पैसा आकर आपके जीवन में टिका रहे तो एक नींबू (बिना दाग का) और चार लौंग (फूल सहित) लीजिए, लेकिन ध्यान रहे लौंग साबुत हो और फिर अपने पूजा स्थान पर बैठकर नींबू के अंदर इन चारों लौंग को प्रविष्ट करा दे। इसके बाद 'ॐ श्री हनुमते नमः' का जाप 11 माला करें और फिर इस नींबू को अपनी तिजोरी या पैसे रखने के स्थान में रख दें। यह उपाय सिर्फ मंगलवार के दिन ही करना होगा। लगातार 11 मंगलवार करके देखिए, लाभ होता दिखने लगेगा आपकी समस्या में। पुराना नीबू मंगलवार को किसी नदी में प्रवाहित कर दें।



प्रियंका जैन
9769994439

खबर संक्षेप

सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत

बीकानेर। सालासर बालाजी दर्शन के लिए जा रहे एक परिवार के छह लोगों की गुरुवार रात बीकानेर के जैतपुर के समीप सड़क हादसे में मौत हो गई। भारतमाला हाइवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रॉले में घुस गई। मरने वालो में पड़ोसी हरियाणा की मंडी डबवाली निवासी माता-पिता, उनके दो बेटे तथा दो बेटियां शामिल हैं। परिवार मूलतः अयोध्या जिला, उतरप्रदेश का रहने वाला था जो डबवाली आकर बस गया था। महाजन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बीकानेर से 110 किलोमीटर पहले जैतपुर के पास हुआ हादसा इतना भयानक था कि पुलिस को कार काटकर शवों को बाहर निकालना पड़ा। कार के परखच्चे उड़ गए। कार की स्पीड बहुत तेज थी और रात होने के कारण ड्राइवर आगे चल रहे ट्रक को देख नहीं पाया। क्रेन की मदद से कार से जब लोगों को बाहर निकाला गया तो एक बच्ची को छोड़ कर सबकी मौत हो चुकी थी। बालिका को अस्पताल भेजा गया और उसने वहां पहुंचने पर दम तोड़ दिया।

बांसवाड़ा SP कार्यालय के कार्मिक के साथ ब्लैकमेलिंग

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत एक कार्मिक को उसकी मंगेतर के फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया हैं। अंदेशा है कि यह वीडियो-फोटो पिछले दिनों डूंगरपुर की एक होटल में ठहरने के दौरान हिडन कैमरे से बनाए गए। जिस पर पुलिस ने कार्मिक की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया हैं।

रिपोर्ट में एसपी ऑफिस बांसवाड़ा के कार्मिक ने बताया कि 16 जुलाई को एक अनजान नंबर से मोबाइल पर संदेश आया। कुछ देर बाद उसी नंबर से वीडियो फुटेज से लिए गए मंगेतर के फोटो आए। इसके बाद 50 हजार रुपए की मांग की गई एवं राशि नहीं देने पर फोटो को वायरल करने की धमकी दी गई।

रिपोर्ट में कार्मिक ने बताया कि वो मंगेतर के साथ 6 जुलाई को डूंगरपुर आया था। इस दौरान शहर के हॉस्पिटल मार्ग पर स्थित होटल जोधपुर पैलेस में रूका था। इस होटल के कमरे में हिडन कैमरे थे। संभवतया वहीं से मंगेतर के साथ के वीडियो निकालकर उससे फोटो क्लिप बनाकर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा हैं।

धोखाधड़ी में फंसी राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह

लखनऊ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

एजेंसी । प्रतापगढ़

प्रतापगढ़-कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह धोखाधड़ी और जालसाजी में फंस गई हैं। उनके खिलाफ लखनऊ के थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लखनऊ के हजरतगंज थाने में दा प्रॉपर्टीज की निदेशक और राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। आशुतोष ने भानवी पर धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाया है। थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में आशुतोष ने बताया कि वह भानवी की जगह पहले वह निदेशक हुआ करते थे। भानवी ने षड्यंत्र करके दबावा बनाया और कंपनी के निदेशक पद से उन्हें हटवा दिया।

भानवी पर षड्यंत्र करके कंपनी के निदेशक पद हड़पने का आरोप

आशुतोष सिंह का आरोप है कि कंपनी गठन के समय से वह शेयर धार हैं, उनके फर्जी हस्ताक्षर कर फ्रॉड करके कंपनी से हटाया गया है। इस संबंध में कानपुर के रजिस्ट्रार कार्यालय में शिकायत भी की जा चुकी है। आशुतोष का आरोप है कि भानवी सिंह ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आशुतोष सिंह की शिकायत पर राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में धारा 120इ 419, 420, 467, 468, 469, 471, 506 मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भूमाफिया की बीवी पर चला प्रशासन का डंडा

4 करोड़ से अधिक की संपत्ति की कुर्क

बुलंदशहर। यूपी के बुलंदशहर में गैंगस्टर एक्ट में भूमाफिया सुधीर गोयल की पत्नी राखी गोयल की 4.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। डीएम के आदेश के अनुपालन में आरोपी राखी गोयल की संपत्ति खेत/प्लॉट को जब्त किया गया है। शुक्रवार को नगर पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में 19 जुलाई को गैंगस्टर एक्ट में भूमाफिया सुधीर गोयल की पत्नी राखी गोयल निवासी मौहल्ला देवीपुरा प्रथम मुखिया वाली गली (कोतवाली नगर) की संपत्ति को जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी राखी गोयल द्वारा समाज विरोधी क्रिया-कलाप से आर्थिक और भौतिक लाभ अर्जित कर चार करोड़ चौदह लाख ग्यारह हजार सात सौ रुपये की संपत्ति को गैंगस्टर अधिनियम की धारा-14(1) के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए जब्त किया है।

तीन आईपीएस के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तीन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईपीएस अमित वर्मा लखनऊ के नए जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर बनाए गए हैं। वहीं, मेडिकल अवकाश पर चल रहे आईपीएस उपेंद्र अग्रवाल को हटा दिया गया है। उन्हें ईओडब्ल्यू भेज दिया गया है। आईपीएस संतोष मिश्रा को डीजीपी मुख्यालय भेज दिया गया है।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

पति आर्मी में है जवान

एजेंसी । कैमूर

जिला के मोहनिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 में फांसी के फंदे से लटका एक विवाहिता का शव। इस घटना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतका का नाम मधु कुमारी उम्र लगभग 30 वर्ष पति अजय कुमार यादव जो आर्मी में नौकरी करते हैं। वहीं मृतका जिले के ही रामगढ़ थाना क्षेत्र की निवासी है जो मोहनिया अपने बच्चों के साथ एक किराए के मकान में रह रही थी ।

डीएसपी मौके पर पहुंचे

मौके पर पहुंचे मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि हम लोगों को आसपास के लोगों के द्वारा सूचना दी गई थी। एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला है। सूचना मिलते ही हम लोग घटनास्तल पर पहुंचे जहां देखा गया कि मधु कुमारी पति अजय कुमार यादव का शव मकान में पंखे से लटक रहा था।

एफएसएल की टीम भी पहुंची

पुलिस की मानें तो प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है लेकिन विवाहिता के साथ आज सुबह तक उसका पति, भाई और पिता मौजूद थे। लेकिन शव को बच्चों के द्वारा स्कूल से घर आने के बाद देखा गया जांच चल रही है। एफएसएल की टीम भी बहुत जल्द पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन करेगी ।

'दो-दो बार मिली हत्या की धमकी, फिर क्यों हटाई गई मेरी सुरक्षा'

संजय निषाद के विधायक बेटे ने पुलिस पर उठाए सवाल

एजेंसी । गोरखपुर

गोरखपुर जिले के भाजपा विधायकों की पुलिस व प्रशासन से ठन गई है। कैंपियरगंज के विधायक व पूर्व मंत्री फतेह बहादुर सिंह के बाद चौरीचौरा से विधायक सरवन निषाद ने भी पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे दो बार हत्या की धमकी मिल चुकी है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन ने जानबूझकर सुरक्षा हटा दी है। इससे मेरी जान को खतरा बढ़ गया है। विधायक

ई. सरवन निषाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि एक वर्ष पूर्व मुझे जेल से जान से मारने की धमकी मिली थी। जिसके बाद मुझे सुरक्षा प्रदान किया था । सुरक्षा को जिला प्रशासन ने मनमानी तरीके से हटा लिया है। राजनीति में हम अपने समाज के हक और अधिकारों की लड़ाई लड़ते हैं। इससे विरोधियों की आंखों में खटकते हैं। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में तमाम निषाद समाज के नेताओं की निर्मम तरीके से हत्या हुई। हाल ही में बिहार में निषाद समाज के नेता मुकेश सहनी के पिता की निर्मम हत्या हुई है। इसके बावजूद भी शासन प्रशासन मेरी सुरक्षा हटाकर मनमानी रवैया अपना रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा हटाकर जिला प्रशासन मेरे खिलाफ साजिश कर रहा है।

दीपक को फंसा रही है पुलिस

विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक कुमार जायसवाल के साथ पुलिस द्वारा किए गए व्यवहार की निंदा की। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के साथ चौरी चौरा पुलिस का व्यवहार घोर निंदनीय और मनमानी पूर्ण रवैया है। राजनीति में मुकदमे दर्ज होते हैं। इसका यह मतलब नहीं है कि वह अपराधी है। पुलिस ने जो दुर्व्यवहार किया वह सरासर गलत है। कार्यालय में घुसकर एक सम्मानित व्यक्ति को अपराधी करना यह कहीं से भी सही नहीं है। इससे समाज में गलत संदेश जाता है। कार्यकर्ताओं में निराशा होती है।

आपसी रंजिश में महिला को मारी गोली, एम्स में इलाज जारी

एजेंसी । पटना

राजधानी पटना में अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। प्रतिदिन पटना से अपराध का मामला सामने आ रहा है। इसी क्रम में एक ताजा मामला राजधानी पटना से सटे नौबतपुर से आया है, जहां आपसी रंजिश में अपराधियों ने एक महिला को गोली मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया है। घटना नौबतपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव की बताई जा रही है।

बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने पटना एम्स किया रेफर

अपराधियों की गोली से घायल महिला की पहचान जमालपुर गांव निवासी अशोक सिंह की पत्नी लालसा देवी के रूप में हुई है। यह मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है जहां महिला को गोली मारने की बात सामने आ रही है। घायल महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर कर दिया गया है।

चचेरा ससुर और भतीजा ने मारी गोली

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। नौबतपुर पुलिस का कहना है कि जमालपुर में लालसा देवी को जमीन पर से बालू हटाने को लेकर विवाद छिड़ गया। जिसमें उसके चचेरा ससुर श्यामदेव सिंह, भतीजा जयराम कुमार ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

व्यापार जगत

HDFC बैंक का पहली तिमाही में मुनाफा 35% बढ़ा

आय 45% बढ़कर 83,701 करोड़ रही, ब्याज आय 50% बढ़ी

एजेंसी । मुंबई

देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC ने शनिवार (20 जुलाई) को Q1FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। अप्रैल-जून तिमाही में HDFC बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 35.33% बढ़कर 16,175 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में ये 11,951.77 करोड़ रहा था। हालांकि, तिमाही आधार पर बैंक का नेट प्रॉफिट 2.04% घटा है। पिछली तिमाही (Q4 FY24) में बैंक का मुनाफा 16,511.85 करोड़ रुपए रहा था। वहीं जून तिमाही में बैंक की टोटल इनकम यानी आय सालाना आधार पर 44.77% बढ़कर 83,701.25 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 57,816.67 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 6.62% बढ़ी है।

बैंक की शुद्ध ब्याज आय 50% बढ़ी

जून तिमाही में HDFC बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना (YoY) आधार पर 50.31% बढ़कर 73,033.14 करोड़ रुपए रही। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 2.18% बढ़ी है। जून तिमाही में बैंक की टोटल बैलेंस शीट का साइज 356.72 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की पहली तिमाही में 250.17 करोड़ रुपए रहा था।

टोटल डिपॉजिट 237.91 करोड़ रुपए रहा

पहली तिमाही में बैंक का टोटल डिपॉजिट यानी जमा 237.91 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 24.4% ज्यादा है। बैंक का CASA डिपॉजिट 6.2%, बढ़ा है, जिसमें सेविंग अकाउंट डिपॉजिट 59.64 करोड़ रुपए और करेंट अकाउंट डिपॉजिट 26.73 करोड़ रुपए रहा। बैंक का ग्रॉस एडवांसेस 248.69 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 52.6% ज्यादा है।

छह महीने में HDFC बैंक के शेयर ने 12.45% रिटर्न दिया

शुक्रवार को HDFC बैंक का शेयर 0.61% गिरकर 1,605 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 12.23 लाख करोड़ रुपए हो गया है। बीते छह महीने में बैंक के शेयर ने अपने निवेशकों को 12.45% रिटर्न दिया है।

सस्ते आयात से सरसों तेल तिलहन में गिरावट

नई दिल्ली। सरसों के सस्ते आयातित तेल के कारण शनिवार को इसके दाम में गिरावट आई। हालांकि अन्य तेल तिलहन के भाव में कोई अंतर नहीं आया।

आयातित तेल के जहाज कांडला बंदरगाह पर लगभग 10 दिनों से खड़े हैं और तेल उतारने के लिए स्थान नहीं मिल पा रहा है। जहाजों को खड़ा करने के लिए इसका भुगतान विदेशी मुद्रा में किया जा रहा है। सभी खाद्य तेल लागत से तीन से चार प्रतिशत कम पर बिक रहे हैं। सस्ता आयातित तेल खुदरा बाजार में 100-102 रुपये प्रति लीटर की बजाय 140-145 रुपये प्रति लीटर की दर पर बेचा जा रहा है। देशी सूरजमुखी बीज की कीमत पिराई के बाद 7,220 रुपये समर्थन मूल्य के हिसाब से 150 रुपये प्रति लीटर बैठती है। हालांकि बंदरगाह पर आयातित तेल का भाव 81-82

रुपये प्रति लीटर है, जो 140-145 रुपये प्रति लीटर की दर पर बिकता है। बिनौले की 90 प्रतिशत तेल मिलें बंद हो चुकी हैं। तेल सस्ता होगा तो पशु आहार महंगा होगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी।

डेटा खपत के मामले में दुनिया में सबसे बड़ी कंपनी बनी जियो

मुंबई। दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने शनिवार को कहा कि वह 'डेटा ट्रैफिक' यानी खपत के मामले में चीनी कंपनियां को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गयी है। कंपनी ने बयान में कहा, '' प्रति व्यक्ति डेटा खपत बढ़कर 30.3 जीबी प्रति माह यानी प्रतिदिन एक जीबी से अधिक हो गई। इसके साथ वह डेटा ट्रैफिक के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गयी है।''

डेटा खपत 32.8 प्रतिशत बढ़कर 44 अरब जीबी हुई

रिलायंस जियो के जून तिमाही के आंकड़ों के अनुसार डेटा खपत 32.8 प्रतिशत बढ़कर 44 अरब गीगाबाइट (जीबी) हो गयी जो बीते साल इसी तिमाही में 33.2 अरब जीबी थी। बयान में कहा गया है, ''कंपनी के कुल ग्राहकों की संख्या लगभग 49 करोड़ पहुंच गई है, जिसमें 13 करोड़ 5जी उपयोगकर्ता शामिल हैं।

भारत निवेशकों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य: गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को अमेरिका में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से देश को पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में मदद करने की अपील की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध व्यापक अवसरों के बारे में बताया। मंत्री ने कहा कि सरकार ने निवेश जुटाने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें कारोबारी सुगमता, अनुपालन बोझ को कम करना, अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए खोलना शामिल है।

आरबीएल बैंक का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत बढ़कर 372 करोड़ रुपए पर

मुंबई। निजी क्षेत्र के आरबीएल बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 29 प्रतिशत बढ़कर 372 करोड़ रुपये हो गया है। बैंक ने शनिवार को बताया कि उसकी शुद्ध ब्याज आमदनी जून तिमाही में 20 प्रतिशत बढ़कर 1,700 करोड़ रुपये हो गई। इस दौरान कर्ज में 19 प्रतिशत वृद्धि हुई। बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन 5.67 प्रतिशत रहा। बैंक की अन्य आमदनी जून तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 805 करोड़ रुपये रही है। जून तिमाही के दौरान बैंक की जमा वृद्धि 18 प्रतिशत रही। बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

(सीईओ) आर सुब्रमण्यकुमार ने इसका श्रेय विभिन्न पेशकशों को दिया। उन्होंने कहा कि वृद्धिशील जमा वृद्धि, आगे चलकर बैंक की वृद्धिशील कर्ज वृद्धि को पूरा करने में सक्षम होगी। कुल सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का अनुपात बढ़कर 2.69 प्रतिशत हो गया, जो एक वर्ष पूर्व की समान अवधि में 3.22 प्रतिशत था।

यस बैंक का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 46.7 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। निजी क्षेत्र के यस बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के लिए 46.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 502 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने कहा कि लाभ में यह वृद्धि प्रावधानों के घटने के कारण हुई है। बैंक ने शनिवार को बताया कि उसकी शुद्ध ब्याज आमदनी जून तिमाही में 12.2 प्रतिशत बढ़कर 2,000 करोड़ रुपये हो गई है। उसका शुद्ध ब्याज मार्जिन 2.4 प्रतिशत पर स्थिर रहा। जून तिमाही में जमाराशि में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। तिमाही के दौरान अन्य आय 5.1 प्रतिशत बढ़कर 1,141 करोड़ रुपए हो गई।

हरमनप्रीत कौर की टीम का सामना आज यूएई से होगा

उपकप्तान मंधाना और शेफाली चल रही हैं शानदार फॉर्म में

भारत की निगाह दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल पर

104 रन से धोया था भारत ने यूएई को 2022 में खेले गए इसी टूर्नामेंट के एकमात्र मुकाबले में

एजेंसी । दांबुला

भारतीय टीम लगातार दूसरी जीत के साथ महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल का टिकट कटाने उतरेगी। आत्मविश्वास से ओतप्रोत हरमनप्रीत कौर की टीम के सामने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आसान चुनौती होगी। टीम ने अपने शुरुआती मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से पटखनी दी थी। उपकप्तान स्मृति मंधाना और युवा शेफाली वर्मा शानदार फॉर्म में हैं। टीम को दोनों से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। गत चैंपियन भारत के ग्रुप ए में दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है। यूएई को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे।

दीप्ति नचा रही फिरकी पर

पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा के साथ ही युवा श्रेयंका पाटिल की फिरकी भी खूब चली थी। इन दोनों ने मिलकर पांच विकेट चटकाए थे। इन दोनों को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर का भी अच्छा साथ मिला था। टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के जरिये वापसी की है। रेणुका ने मैच के बाद कहा, यह अच्छा स्पैल था और मौसम से भी मदद मिली। नेट पर जिस तरह से मैं अभ्यास कर रही हूं, मैच में भी उसे दोहरा सकी।

मध्यक्रम से उम्मीद

भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 35 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। शेफाली और मंधाना अर्धशतक से चूक गईं थी। इस बार यह दोनों टीम को जीत दिलाकर ही लौटना चाहेंगी। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में दमदार प्रदर्शन किया था। भारतीय खेमा यूएई के खिलाफ मध्यक्रम के

बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा होगा। एशिया कप बांग्लादेश में अक्तूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम माना जा रहा है। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा।

...तो लैनिंग को पीछे छोड़ देंगी मंधाना

मंधाना 41 रन बनाते ही अंतरराष्ट्रीय टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाली दुनिया की दूसरी महिला खिलाड़ी बन जाएंगी। मंधाना के नाम अभी 137 मैचों में 122.09 की स्ट्राइक रेट से 3365 रन हैं। ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग (3405) को पीछे छोड़ने के लिए मंधाना को 41 रन की दरकार है। न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (4348) चार हजार रन बनाने वाली इकलौती महिला खिलाड़ी हैं।

> 'एशिया कप महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद टी-20 विश्व कप से पहले ज्यादा मैच नहीं खेलने हैं। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी।'
>
> -रेणुका सिंह, भारतीय तेज गेंदबाज

ओलंपिक: खेल गांव पहुंची तीरंदाजी और नौकायन टीम

एजेंसी । पेरिस

भारत का तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गया है। पेरिस खेलों के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों दलों ने शुक्रवार को खेल गांव में प्रवेश किया। भारत के 117 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में 20 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे।



पेरिस पहुंचे पहले दल

लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा, मैं गुरुवार रात पेरिस पहुंचा और भारतीय खिलाड़ियों के लिए खेल गांव में इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन शुक्रवार को पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा, काफी उत्साह का माहौल है। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खिलाड़ियों को अपनी स्पर्धाएं शुरु करने से पहले वो सबकुछ मिले जिनकी उन्हें जरूरत है। मेरे लिए यह देखना गर्व का पल है कि भारतीय दल में पदक के दावेदार बढ़ रहे हैं। हर खिलाड़ी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की बराबरी करने में ही नहीं बल्कि उन्हें पछाड़कर देश को गौरवान्वित करने में सक्षम है।

दीपिका-धीरज की जोड़ी की उम्मीद

मौजूदा फॉर्म देखते हुए दीपिका और धीरज बोम्मदेवरा की मिश्रित युगल में जोड़ी बन सकती हैं। धीरज 12 महीनों में 10 अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर शानदार लय में हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे जिसने कोरिया को हराकर टीम स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने अंताल्या विश्व कप में टोक्यो ओलंपिक के रजत विजेता माउरो नेस्पोली को हराकर व्यक्तिगत कांस्य भी जीता था।

पदक के सामने बेटी की कमी कुछ नहीं : दीपिका

पेरिस। तीरंदाज दीपिका कुमारी को 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है। लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेलों में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है।

पहले पदक का इंतजार

चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रहीं दीपिका को इन खेलों में पहले पदक का इंतजार है। पेरिस की उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय पति तीरंदाज अतानु दास और बेटी के साथ रहीं। ओलंपिक की तैयारियों के लिए करीब दो महीने बेटी से दूर रहीं दीपिका ने कहा, बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है लेकिन यह वह चीज हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हम इतने वर्षों से मेहनत कर रहे हैं।

सेना के 24 खिलाड़ियों में पहली बार दो महिलाएं भी

एजेंसी । नई दिल्ली

भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा सहित सेना के 24 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 सदस्यीय दल में शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बयान में कहा, पहली बार ओलंपिक दल में सेना की दो महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। ये राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता हवलदार मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया और 2023 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य विजेता सीपीओ रीतिका हुड्डा हैं। टोक्यो में स्वर्ण जीतने वाले चोपड़ा सेना में सूबेदार हैं। अन्य प्रमुख खिलाड़ियों में सूबेदार अमित पंघाल (मुक्केबाजी), सीपीओ तेजिंदर पाल सिंह तूर (शॉटपुट), सूबेदार अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज), सीपीओ मुहम्मद अनस याहिया, पीओ मुहम्मद अजमल, सूबेदार संतोष कुमार और जेडब्ल्यूओ मिजो चाको कूरियन (पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले), जेडब्ल्यूओ अब्दुल्ला अबूबाकर (त्रिकूद), सूबेदार तरुणदीप राय और धीरज बोम्मादेवरा (तीरंदाजी) और नायब सूबेदार संदीप सिंह (निशानेबाजी) शामिल हैं।

पीसीबी ने बावर, रिजवान और अफरीदी को नहीं दी एनओसी

एजेंसी । लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान का ग्लोबल टी-20 लीग खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिए अनुरोध खारिज कर दिया। बोर्ड ने कहा, पीसीबी को आजम, रिजवान और अफरीदी से वैश्विक टी-20 लीग खेलने के लिए एनओसी का अनुरोध मिला था। उन्होंने कहा, अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को देखते हुए तीनों का अनुरोध खारिज करने का फैसला किया गया है।

सहायक कोच के रूप में जुड़ेंगे अभिषेक और डेशकॉटे

एजेंसी । नई दिल्ली

अभिषेक नायर और रेयान टेन डेशकॉटे 27 जुलाई से शुरू होने वाले भारत के श्रीलंका दौरे में नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने के लिए तैयार हैं। 40 साल के नायर ने भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच खेले हैं तो 44 साल के डेशकॉटे नीदरलैंड्स के आक्रामक हरफनमौला रहे हैं। भारतीय टीम का 22 जुलाई को चार्टर्ड फ्लाइट से मुंबई से कोलंबो जाने का कार्यक्रम है। नायर और दिलीप भी टीम के साथ यात्रा कर सकते हैं, जबकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि डेशकॉटे टीम के साथ कब जुड़ेंगे।

साथ कर चुके काम

दोनों ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में गंभीर के साथ काम किया है। नायर को भारतीय क्रिकेट जगत में चतुर दिमाग और प्रेरक कोच के तौर पर जाना जाता है। डेशकॉटे अभी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में एलए नाइट राइडर्स के साथ काम कर रहे हैं। गंभीर ने नीदरलैंड्स के इस खिलाड़ी की टीम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की रवैये की तारीफ की है।

मुंबई के मैदानों से

घुड़दौड़ : जेन्डेयी उत्तम

दोपहर संवाददाता । मुंबई

रविवार से पुणे रेसकोर्स पर सत्र 2024 के पहले दिन नौ दौड़ों के कार्यक्रम के साथ घुड़दौड़ की वापसी हो रही है। मुख्य दौड़ विनफेयर एयर247 गेमिंग ट्रॉफी में 13 दमदार घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। पेसी श्रॉफ द्वारा प्रशिक्षित जेन्डेयी हल्के वजन के कारण अन्य सभी प्रतिद्वंदियों पर भारी नजर आ रही है और उसके जीत की प्रबल संभावना है। पहली दौड़ दोपहर एक बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार है: 1- सोरेन्टो सीक्रेट (प्र.), जिप एलॉन्ग (द्वि.), 2- क्विकर (प्र.), फॉस्ट एप्रोच (द्वि.), 3- स्पैनिश ऑईज (प्र.), रनिंग स्टॉर (द्वि.), 4- फैबल (प्र.), एपेरोल (द्वि.), 5- टर्न एंड बर्न (प्र.), रैज द स्टेक्स (द्वि.), 6- डिवाईन होप (प्र.), मदर्स ग्रेस (द्वि.), 7- जेन्डेयी (प्र.), रॉयल मैसूर (द्वि.), 8- खालीसी (प्र.), मिल्ली (द्वि.), 9- डैश (प्र.), पोर्टोफिनो बे (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- जेन्डेयी।

अनन्या चांदे ने जीता स्वर्ण पदक

दोपहर संवाददाता । मुंबई

अनन्या चांदे ने फाइनल में वैष्णवी जायसवाल को पराजित करके डोंबिवली स्थित सल्वाराम खेल संकुल पर संपन्न हुई महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस रैंकिंग स्पर्धा की गर्ल्स अंडर-19 के एकल खिताब पर कब्जा कर लिया। पुरुष और महिलाओं के एकल वर्ग में बाजी मारने के साथ-साथ मुंबई सबर्बन टेबल टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा और कुल 17 पदक हासिल किया।

सोनू सूद पर भड़कीं कंगना रनौत

एक तरफ जहां अभिनेता सोनू सूद अपने मुखर स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, वहीं अभिनेत्री कंगना रनौत भी खुलकर हर मुद्दे पर अपनी राय रखती हैं। चाहे मसला फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा हो या फिर राजनीति से। दरअसल, सोनू ने सोशल मीडिया पर मानवता को लेकर एक बयान दिया था, जिसकी वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है और अब इसी को लेकर कंगना ने उन पर तंज कसा है।



बहस शुरू कहां से हुई?

दरअसल, यह पूरी बहस उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश से उपजी है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों और भोजनालयों पर मालिकों के नाम प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। सोनू ने इस मामले पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा, 'हर दुकान पर केवल एक ही नेम प्लेट होनी चाहिए: मानवता।'

इस वजह से हो रहा विवाद

एक शख्स ने वो वीडियो साझा किया, जिसमें खाना बनाने वाला शख्स रोटी बनाते वक्त उस पर थूक रहा है। उसने लिखा, 'थूक लगी रोटी सोनू को पार्सल करनी चाहिए ताकि भाईचारा बना रहे।' जवाब में सूद ने लिखा, 'हमारे श्री राम जी ने शबरी के खट्टे बेर खाए तो मैं क्यों नहीं खा सकता? हिंसा को अहिंसा से हराया जा सकता है मेरे भाई। मानवता बस बरकरार रहनी चाहिए। जय श्री राम।' सोनू का यही दांव उल्टा पड़ गया।

कंगना ने यूं कसा तंज

कंगना ने सोनू के पोस्ट पर लिखा, 'अब आपको पता है कि सोनू जी अपने खुद के तथ्यों को ध्यान में रखकर अपनी खुद की रामायण बनाएंगे। वाह, क्या बात है, बॉलीवुड से एक और रामायण।' इससे पहले कंगना ने लिखा था, 'सहमत हूं, हलाल को 'मानवता' से बदल दिया जाना चाहिए। उधर सोनू के थूक लगी रोटी खाने की बात सुनकर लोग भड़क गए हैं। वो उनके बयान और उसे रामायण से जोड़ने पर उनकी आलोचना कर रहे हैं।

सोनू ने पेश की सफाई

सोनू ने अपने नए ट्वीट में लिखा, 'मैंने खाने में थूकने वालों को कभी सही नहीं बताया। वो उनका चरित्र है, जो कभी नहीं बदलेगा। इसके लिए उन्हें कड़ी सजा भी दें, लेकिन इंसानियत को इंसानियत ही रहने दें दोस्त। जितना समय हम एक-दूसरे को समझाने में लगे हैं, उतना जरूरतमंद लोगों पर लगा दें। वैसे आपको बता दूं कि UP सरकार के काम का मैं सबसे बड़ा प्रशंसक हूं।'



करण जौहर की वेब सीरीज 'ग्यारह ग्यारह' की रिलीज तारीख जारी

करण जौहर आने वाले दिनों एक से बढ़कर एक फिल्में दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं। उनकी एक वेब सीरीज भी काफी समय से लोगों के बीच चर्चा में है, जिसका नाम है 'ग्यारह ग्यारह'। इस सीरीज में राघव जुयाल और धैर्य कारवा मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। ऐलान के बाद से ही दर्शक इसे लेकर उत्साहित थे और अब इस सीरीज की रिलीज तारीख सामने आ गई है।

कलाकारों की झलक भी आई सामने

सीरीज से राघव और धैर्य की पहली झलक भी सामने आ गई है। करण के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्टर के साथ रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए लिखा, 'क्या होता है जब 2 दुनिया ग्यारह ग्यारह में जुड़ती हैं? ZEE5 पर 9 अगस्त को खुलेगा रहस्य।' करण जानी-मानी निर्माता गुनीत मोंगा के साथ मिलकर यह सीरीज बना रहे हैं। कृतिक कामरा भी इस सीरीज में अहम भूमिका निभा रही हैं। उमेश बिष्ट 'ग्यारह ग्यारह' के निर्देशक हैं।

सीरीज पर क्या बोले निर्देशक?

उमेश ने कहा, 'मेरे लिए यह बिल्कुल असाधारण यात्रा रही है। मैं करण जौहर और गुनीत मोंगा जैसी हस्तियों के साथ काम करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे शो के जरिए दर्शकों को एक रोमांचक कहानी का स्वाद मिलेगा, जो समय को आपस में जोड़ती है। इसमें सस्पेंस, ड्रामा, रोमांच समेत वो सब कुछ है, जो एक एंटरटेनर फिल्म में होता है।

शत्रुघ्न सिन्हा ने जी भरके की कार्तिक आर्यन की तारीफ

शत्रुघ्न सिन्हा पिछले काफी समय से अपनी बेटी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अभिनेता कार्तिक आर्यन के बारे में बात की, जिन्हें पिछली बार फिल्म 'चंदू चैंपियन' में देखा गया। इस फिल्म में अपने धांसू अभिनय के लिए कार्तिक ने न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब वाहवाही लूटी। अब शत्रुघ्न ने उनकी तारीफ में कसीदे पढ़े हैं।

कार्तिक सारे पुरस्कारों का हकदार है- शत्रुघ्न

जूम के साथ हालिया बातचीत में शत्रुघ्न बोले, 'कितना गंभीर और मेहनती बच्चा है वो। कार्तिक ने जो कामयाबी हासिल की है, वो उसका पूरी तरह से हकदार है। 'चंदू चैंपियन' में क्या गजब का काम किया है उसने। फिल्म में अपने किरदार के प्रति उसकी शिद्दत और मेहनत साफ दिखाई पड़ती है। एक जुनून है उस बच्चे में। कृपया आप कार्तिक को मेरी तरफ से शुभकामनाएं दे देना। उसे इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार समेत सारे पुरस्कार मिलने चाहिए।'

कार्तिक की तारीफ में और क्या बोले शत्रुघ्न?

शत्रुघ्न बोले, 'जब मैं आया था तो मैं भी बाहरी था। इंडस्ट्री से मेरा कोई वास्ता नहीं था। मेरे पास मेरे आत्मविश्वास के सिवाए कुछ नहीं था, बिल्कुल कार्तिक की तरह। न तो मैं धर्मेंद्र या जितेंद्र या कहें उस वक्त के हीरो की तरह गोरा-चिट्टा था।

कंगुवा' में कई लुक में नजर आएंगे सूर्या

साउथ सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कंगुवा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पाटनी मुख्य भूमिकाओं में हैं। निर्माता पहले ही इस फिल्म का टीजर जारी कर चुके हैं। साथ ही फिल्म की रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया गया था। वहीं, अब दर्शकों का उत्साह बढ़ाने वाली एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो फिल्म में सूर्या के किरदार से जुड़ी हुई है।

फिल्म की रिलीज से पहले सूर्या के किरदार का खुलासा हो चुका है। फिल्म में सूर्या एक या दो नहीं, बल्कि तीन अवतारों में नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्या 'कांगुवा' में तीन अलग-अलग लुक में नजर आएंगे। फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता ने काफी बदलाव किए हैं। प्रत्येक किरदार का लुक अलग होगा, जो पहले कभी नहीं देखा गया है और यह फिल्म की कहानी में एक अलग तरह की जिज्ञासा पैदा करेगा।

न्यूज़ ब्रीफ

सोशल मीडिया पर दोस्ती कर किशोरी से दुष्कर्म

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में सोशल मीडिया पर दोस्त बने एक व्यक्ति ने 13 वर्षीय लड़की से चलती कार में दुष्कर्म किया। जबकि एक अन्य व्यक्ति ने इस कृत्य का वीडियो बनाया। पुलिस ने मामले में तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) निरंजन शर्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मालवाहक पोत पर लगी भीषण आग

बेंगलुरु। कर्नाटक में कारवार तट के निकट शुक्रवार को एक मालवाहक पोत भीषण आग की चपेट में आ गया। भारतीय तटरक्षक बल के तीन पोत शनिवार को आग बुझाने के प्रयास में लगे रहे। तटरक्षक बल ने कहा, तीन पोत सुजीत, सचेत और सम्राट कारवार से 6.5 समुद्री मील दक्षिण में आग बुझाने के अभियान में शामिल हैं। आग खतरनाक है और उसपर जल्द काबू पाना काफी मुश्किल है। खतरनाक सामग्री ले जा रहे पोत में गोवा से लगभग 102 समुद्री मील दूर आग लग गई थी। डोर्नियर विमान हवाई सर्वेक्षण कर रहा है।

सड़क दुर्घटना में सेना के पांच जवान घायल

चंडीगढ़। पंजाब के जालंधर जिले के सुची गांव के पास शनिवार को एक ट्रक ने सेना के वाहन को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार पांच जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई, जब सेना का ट्रक पंजाब सैन्य पुलिस (पीएपी) चौक से पठानकोट चौक जा रहा था। अधिकारी के मुताबिक, ट्रक से टक्कर के बाद सेना का वाहन राजमार्ग के दूसरी ओर पलट गया। घटना के बाद घायल सभी जवानों को सैन्य अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

पाक संसद में बढ़ जाएंगी इमरान की पार्टी की सीटें

इस्लामाबाद। इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लिए खुशखबरी है। पाक निर्वाचन आयोग, उच्चतम न्यायालय के उस फैसले को लागू करेगा, जिसमें आरक्षित सीटें पीटीआई को आंवटित करने का आदेश दिया गया था। इस फैसले से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को संसद में सबसे बड़ी पार्टी बनने का मौका मिलेगा। पाक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को बताया कि निर्वाचन आयोग ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश को लागू करने का फैसला चुनाव निकाय द्वारा आरक्षित सीट के मामले में विचार-विमर्श के लिए गुरुवार और शुक्रवार को आयोजित दो बैठकों के बाद लिया गया।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश रच रही भाजपा : आतिशी

एजेंसी । नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर एलजी के प्रधान सचिव की तरफ से लिखी गई चिट्ठी पर शनिवार को आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया है। आप नेता व दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया है कि भाजपा मुख्यमंत्री को मारने की साजिश रच रही है। उनका शुगर रात में 50 से नीचे जा रहा है, जो जानलेवा है। इसके बाद भी बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने का मकसद सिर्फ उन्हें जेल में रखना नहीं है, बल्कि उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ करके उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। सीएम को 30 साल से शुगर है। बीते कुछ समय में उनका शुगर लेवल आठ बार 50 से नीचे जा चुका है, लेकिन अब तक उन्हें भर्ती नहीं कराया गया है, जबकि यह असमान्य स्थिति है और किसी भी मरीज को डॉक्टर अस्पताल में भर्ती कर लेता है। मंत्री ने कहा कि सीएम को इस हालत में ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है, वह कोमा में जा सकते हैं। ब्रेन डैमेज हो सकता है, लेकिन इस पर ध्यान देने के बजाय भाजपा उनके खानपान को लेकर सवाल उठा रही है, जो बेहद दुखद है। सभी जानते हैं कि शुगर के मरीज के लिए खानपान का कितना ध्यान रखना होता है। अगर वह सही खानपान का ध्यान रख रहे हैं तो उसमें गलत क्या है। कोई जानबूझकर अपने सेहत खराब क्यों करेगा।

कौन अपनी सेहत खराब करेगा : संजय सिंह

राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने एलजी की ओर से लिखी चिट्ठी पर सवाल उठाया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट में लिखा है...यह क्या मजाक कर रहे हैं एलजी साहब। क्या कोई आदमी खुद रात में शुगर कम करेगा। संजय सिंह ने कहा कि यदि आपको इस बीमारी के बारे में नहीं पता है तो इस तरह की चिट्ठी नहीं लिखना चाहिए। ईश्वर ना करें कभी आप के साथ ऐसा समय आए।

तमिलनाडु बीएसपी अध्यक्ष हत्या केस में भाजपा पदाधिकारी गिरफ्तार

- हमलावर को 10 लाख देने का आरोप
- मामले में अब तक 15 संदिग्ध पकड़े गए

एजेंसी । चेन्नई

तमिलनाडु के BSP प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रॉन्ग (52) की हत्या के मामले में पुलिस ने भाजपा की महिला पदाधिकारी अंजलाई को गिरफ्तार किया है। नॉर्थ चेन्नई की महिला मोर्चा की पदाधिकारी अंजलाई पर आरोप है कि उन्होंने आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल एक हमलावर को 10 लाख रुपए दिए थे। यह रकम उन्हें एक बदमाश से मिली थी जो किसी दूसरे मामले में वेल्लोर सेंट्रल जेल में बंद है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने हमलावरों को शरण भी दी थी। आर्मस्ट्रांग हत्या केस में नाम आने के बाद अंजलाई को पार्टी ने निकाल दिया गया है।

5 जुलाई को चाकू-तलवारों से हत्या

के. आर्मस्ट्रांग की 5 जुलाई को चेन्नई में उनके घर के बाहर बाइक सवार छह हमलावरों ने चाकू-तलवारों से हत्या का दी। हमला तब हुआ जब आर्मस्ट्रॉन्ग शाम करीब 7 बजे सेम्बियम इलाके के वेणुगोपाल स्ट्रीट पर अपने घर के कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

15 संदिग्ध हिरासत में, एक एनकाउंटर में मारा गया

पुलिस के मुताबिक, अब तक इस मामले में कुल 15 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ जारी है। आर्मस्ट्रांग की हत्या के एक दिन के भीतर ही 11 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया था। उसके बाद 18 जुलाई को पुलिस ने सतीश, मलारकोडी और हरिहरन नाम के तीन लोगों को हिरासत में लिया।हत्या का एक मुख्य आरोपी तिरुवेंगदम रविवार (14 जुलाई) की सुबह पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी तिरुवेंगदम ने शनिवार सुबह पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की।

आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या का कनेक्शन गैंगस्टर की हत्या से होने की आशंका

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या को गैंगस्टर अर्कोट सुरेश के मर्डर से जोड़कर देख रही है। गैंगस्टर सुरेश की पिछले साल हत्या हुई थी। नॉर्थ चेन्नई के एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस (ACP) असरा गर्ग ने बताया कि गैंगस्टर अर्कोट सुरेश के लोग मानते हैं कि आर्मस्ट्रांग ने ही उसकी हत्या की साजिश रची गई थी। पुलिस ने जिन 11 संदिग्धों को पकड़ा है, उनमें से एक, पोन्नई वी बालू, सुरेश का छोटा भाई है।

यूपीएससी चेयरमैन मनोज सोनी ने दिया इस्तीफा

- पिछले साल बने थे अध्यक्ष
- 5 साल का कार्यकाल था बाकी

एजेंसी । नई दिल्ली

यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा है कि इस्तीफे के बाद सामाजिक और धार्मिक कामों पर ध्यान देंगे। उन्होंने 14 दिन पहले अपना इस्तीफा कार्मिक विभाग (DOPT) को भेजा था, इसकी जानकारी आज (20 जुलाई को) सामने आई है। अभी इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। उनका कार्यकाल मई 2029 तक था। उन्होंने 16 मई 2023 को UPSC के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी।

मनोज सोनी के कार्यकाल में आईएएस सिलेक्शन से जुड़े विवाद सामने आए

मनोज सोनी के कार्यकाल के दौरान आईएएस ट्रेनी पूजा खेडकर और आईएएस अभिषेक सिंह विवादों में रहे। इन दोनों पर OBC और विकलांग कैटेगरी का गलत फायदा उठाकर सिलेक्शन लेने का आरोप लगा। पूजा खेडकर ने लो विजन का हवाला देते हुए विकलांग कैटेगरी से सिलेक्शन हासिल किया था। अभिषेक सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा विकलांग कैटेगरी से पास की थी। उन्होंने लोकोमोटिव डिसऑर्डर यानी खुद को चलने-फिरने में अक्षम बताया था। अभिषेक ने अपने एक्टिंग करियर के लिए IAS से इस्तीफा दे दिया था।

राज्यसभा सांसद ने कहा- विवादों के बीच पद से हटाया गया

इस्तीफे की जानकारी आने के बाद मनोज सोनी ने कहा है कि उनका इस्तीफा ट्रेनी IAS पूजा खेडकर के विवादों और आरोपों से किसी भी तरह से जुड़ा नहीं है। वहीं, कांग्रेस लीडर और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने चेयरमैन के इस्तीफे पर कहा है कि उन्हें यूपीएससी से जुड़े विवादों के बीच पद से हटाया गया है।उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक लगातार संवैधानिक बॉडी की शुचिता बुरी तरह प्रभावित हुई है।

हर साल सिविल सर्विसेज की नियुक्ति के लिए एग्जाम लेता है यूपीएससी

UPSC भारत के संविधान में अनुच्छेद 315-323 भाग XIV अध्याय II के तहत संवैधानिक बॉडी है। यह आयोग केंद्र सरकार की ओर से कई परीक्षाएं आयोजित करता है। यह हर साल सिविल सेवा परीक्षाएं आईएएस, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और केंद्रीय सेवाओं- ग्रुप ए और ग्रुप बी में नियुक्ति के लिए परीक्षाओं का आयोजन करता है। आयोग में अध्यक्ष के अलावा 10 मेंबर गवर्निंग बॉडी में होते हैं। शुक्रवार तक अध्यक्ष के अलावा बॉडी में सात सदस्य थे। इनमें गुजरात लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष दिनेश दासा भी शामिल थे।

सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में नक्सली ढेर

एजेंसी । सुकमा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया। गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावराम गांव के जंगल में पहुंचा तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी।

नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी

अधिकारियों के अनुसार, कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से भाग गए। बाद में सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की तलाशी ली। सर्च के दौरान वहां एक नक्सली का शव, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान मिला। मारे गए नक्सली की शिनाख्त कराई जा रही है।

पद्मश्री से सम्मानित कमला पुजारी का निधन

एजेंसी । भुवनेश्वर

पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात जैविक किसान कमला पुजारी का शनिवार को किडनी से संबंधी बीमारी से निधन हो गया। वह 74 वर्ष की थीं और उनके दो बेटे तथा दो बेटियां हैं। पुजारी को किडनी से संबंधित बीमारी को लेकर दो दिन पहले कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने शनिवार की सुबह दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किए जाने की घोषणा की। ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एक बयान में कहा, कृषि के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

2019 में मिला था पद्मश्री

कोरापुट जिले के बैपारीगुडा ब्लॉक के पतरापुट गांव में जन्मी पुजारी जैविक खेती की समर्थक थीं और उन्होंने चावल की 100 किस्मों की खेती की थी। वह एम. एस. स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन से जुड़ी थीं। उन्हें 2019 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। वह 2018 में राज्य योजना बोर्ड की सदस्य थीं और 2004 में ओडिशा सरकार ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार से सम्मानित किया था। उन्होंने 2002 में दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में 'इक्वेटर इनीशिएटिव अवार्ड' भी जीता था।

नीट यूजी के परिणाम दोबारा जारी

नीट में गोधरा और हजारीबाग सेंटर्स से कोई टॉपर नहीं

एजेंसी । नई दिल्ली

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के परिणाम शनिवार को दोबारा जारी कर दिए गए। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने केंद्रवार और शहरवार परिणाम घोषित किए। यह परीक्षा कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के घेरे में है। नीट-यूजी के परिणाम पांच जून को घोषित किए गए थे, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद इन्हें इस प्रारूप में प्रकाशित किया गया है। शीर्ष अदालत प्रश्नपत्र लीक सहित परीक्षा कराने में कथित अनियमितताओं के संबंध में कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि अभ्यर्थियों की पहचान उजागर नहीं करते हुए परिणाम घोषित किए जाएं। साथ ही वह यह पता लगाना चाहता है कि कथित विवादित केंद्रों पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को अन्य स्थानों पर परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की तुलना में अधिक अंक तो नहीं मिले हैं।

उदयनिधि स्टालिन बन सकते हैं तमिलनाडु के डिप्टी सीएम

एजेंसी । चेन्नई

चेन्नई में तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने खुद के राज्य कैबिनेट में पदोन्नत को लेकर किए गए पत्रकारों के सवाल पर कहा कि- इसका फैसला मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को ही फैसला करना है। इससे पहले डीएमके युवा विंग के 45वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि पार्टी की युवा विंग के सचिव का पद उनके दिल के बहुत करीब है।

'पार्टी के युवा विंग के सचिव के रूप में मेरी प्रतिबद्धता'

इस दौरान उदयनिधि स्टालिन ने कहा, जब मीडिया के लोग मेरे उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नति के बारे में अटकलों के बारे में पूछते हैं, तो मैं उन्हें बताता हूं कि पार्टी और युवा विंग के सभी राज्य मंत्री और पदाधिकारी मुख्यमंत्री के डिप्टी के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिक प्रतिबद्धता पार्टी के युवा विंग के सचिव के रूप में बनी हुई है। युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आगे कहा कि- कोई भी पद हो, मेरे अनुसार, युवा विंग सचिव का पद मेरे दिल के करीब है।

आरक्षण विरोधी हिंसा में 105 की मौत

एजेंसी । ढाका

भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में छात्रों के आरक्षण विरोधी आंदोलन ने हिंसक रूप ले लिया है। कुछ दिनों पहले शुरू हुई हिंसक झड़पों में अब तक 105 लोग मारे गए हैं और 2,500 से ज्यादा घायल हुए हैं। हालात बिगड़ते देख सरकार ने पूरे देश में कर्फ्यू लगाने का ऐलान कर दिया है। प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए सेना को तैनात किया गया है। प्रदर्शनों से राजधानी ढाका सबसे ज्यादा प्रभावित है।

एक दिन में हुई 52 मौतें

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हफ्ते छात्र प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पों में अब तक कम से कम 105 लोग मारे गए हैं। बांग्लादेशी अखबारों ने केवल 19 जुलाई को 17 से लेकर 30 लोगों की मौत की जानकारी दी है। वहीं, AFP ने ढाका मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की सूची के हवाले से 52 लोगों के मारे जाने की बात कही है। इससे पहले 18 जुलाई को 22 लोगों के मारे जाने की खबर थी।

पूरे देश में लगाया गया कर्फ्यू

शेख हसीना के भाषण के बाद और भड़की हिंसा

हाल ही में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सरकारी टेलीविजन पर देश को संबोधित किया था। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी। हालांकि, उनके संबोधन के बाद हिंसा और भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी टेलीविजन के कार्यालय में आग लगा दी। इस दौरान वहीं सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री ने आरक्षण के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा और केवल आश्वासन दिए। बांग्लादेश में हिंसा के मद्देनजर 300 से ज्यादा छात्र भारत लौट चुके हैं। ये लोग त्रिपुरा में अगरतला के पास अखुराह क्रॉसिंग और मेघालय के दावकी क्रॉसिंग से देश लौट आए हैं।

पेड़ काटने के मसले पर आप का हल्ला बोल

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के रिज क्षेत्र में अवैध रूप से काटे गए 1100 पेड़ों के खिलाफ शनिवार को आम आदमी पार्टी ने मानव श्रृंखला बनाकर भाजपा और एलजी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी मुख्यालय पर एकत्र हुए आप कार्यकर्ता प्रतीकात्मक रूप से पेड़ की संरचना लेकर पहुंचे थे। उसे एलजी का मुखौटा पहनाने के बाद आरी से काटकर विरोध जताया। आप का आरोप है कि एलजी ने ही पेड़ों को काटने के लिए मौखिक आदेश दिए हैं, जबकि रिज क्षेत्र मे बगैर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की मंजूरी के पेड़ नहीं काट सकते हैं।

प्रदर्शन में शामिल आप के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि बीते तीन फरवरी को मुख्य सचिव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एलजी साहब ने रिज क्षेत्र का दौरा किया था। उसी दौरान 1100 पेड़ काटने के मौखिक आदेश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार पूछा कि किसके आदेश पर इतने पेड़ काटे गए, लेकिन अधिकारियों ने सच नहीं बताया। उन्होंने कहा कि सड़क को चौड़ा करने के लिए फार्म हाउसों की जमीन ली जा सकती थी, लेकिन यहां फार्म हाउस मालिकों को फायदा पहुंचाने के लिए पेड़ को काटने की मंजूरी दी गई।

दुनियाभर में देरी से उड़ान भर रहे विमान

एजेंसी । वाशिंगटन

माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में आई तकनीकी खामी का असर शनिवार को भी देखा गया। दुनियाभर में विमानों के संचालन में देरी की समस्या बनी रही। अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई अन्य देशों में विमानों के देरी से उड़ान भरने की शिकायतें सामने आई। साइबर संकट का असर आपातकालीन सेवाओं, बंदरगाहों, बस-रेल व्यवस्था और सरकारी व कॉर्पोरेट कार्यालयों पर भी देखा गया। हालांकिं, हवाई यात्रा सबसे ज्यादा प्रभावित रही।

ऑटो और कैब चालकों के परमिट नवीनीकरण के काम अटके

एजेंसी । नई दिल्ली

परिवहन विभाग की ओर से बुराड़ी सेंटर बंद किए जाने से ऑटो और कैब चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके परमिट नवीनीकरण, आरसी ट्रांसफर, हायर परचेज कटवाने समेत अन्य काम अटक गए हैं। दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ ने इसका विरोध किया है। संघ ने मुख्य सचिव को पत्र भेजकर अपने स्तर पर जांच कराने और ऑटो-कैब संचालकों की समस्या दूर कराने की मांग की है। कैब-ऑटो चालकों का कहना है कि बुराड़ी में लंबे समय से संचालित केंद्र पर काम सही चल रहा था, लेकिन अधिकारियों ने यहां दलालों के हावी होने का आरोप लगाकर इस केंद्र को बंद करा दिया। अब इसे राजपुरा रोड पर स्थानांतरित कर दिया है। दिल्ली ऑटो-रिक्शा संघ के महामंत्री राजेंद्र सोनी ने बताया कि दो कार्यालय का काम एक कार्यालय पर आने से काम में देरी हो रही है। इस परिसर में ऑटो-कैब की पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं है। उनका कहना है कि राजपुरा रोड वीवीआईपी मार्ग है। इसी क्षेत्र में राजभवन और मुख्यमंत्री आवास भी है। ऐसे में अपने काम के लिए कैब और ऑटो लेकर आने वाले चालकों को पुलिस परेशान करती है। पार्किंग सुविधा न होने पर सड़क पर खड़े वाहन पुलिस जब्त कर लेती है।

उत्तराखंड समेत कई राज्यों में भारी बारिश का रेड अलर्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

पिछले 24 घंटे में देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कोंकण एवं गोवा में रेल अलर्ट जारी किया है। यहां अत्याधिक बारिश का अनुमान है। आने वाले तीन दिन हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी भारी बारिश होगी। गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ में भी रेड अलर्ट जारी किया गया है। मुंबई में एक मकान की बालकनी ढहने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हैं। महाराष्ट्र में कई नदियां उफान में हैं।